# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख शुक्ल 13 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 224, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारत-न्यूजीलैंड एफटीए है इन दो देशों के बीच नए युग का उदय

'रामायण और 'लव एंड वॉर के बाद इन दो बड़े प्रोजे ट्स में नजर आएंगे रणबीर कपूर 6


# चाईबासा में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, रुक-रुककर फायरिंग जारी

संवाददाता



**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बार फिर नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब रूटुगुटू के घने जंगलों में चल रहे सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान कोबरा 209 बटालियन के जवान गश्त पर निकले थे।

जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बल पिछले दो दिनों से गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बोरोई और तूनबेड़ा के आसपास लगातार सर्च अभियान चला रहे है। इसी क्रम में बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे जवानों की टीम जैसे ही जंगल के भीतर आगे बढ़ी, पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों से उनका सामना हो गया। इसके बाद दोनों ओर से तेज फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ सुबह से बीच-बीच में जारी रही, जिससे पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और अतिरिक्त जवानों को भी अलर्ट पर रखा गया है। सर्च ऑपरेशन को और तेज करते हुए आसपास के जंगलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेनू ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सर्च ऑपरेशन जारी है। जवान पूरी सतर्कता के साथ स्थिति को संभाल रहे हैं।

**माओवादी गतिविधियों में तेजी के संकेत :** बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में गोइलकेरा थाना क्षेत्र में एक पूर्व माओवादी की हत्या के बाद से इस इलाके में गतिविधियां बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी। माओवादी नेता मिसिर बेसरा के नेतृत्व में संगठन अभी भी इस क्षेत्र में सक्रिय है और अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

सुरक्षा एजेंसियों को पहले से ही इनपुट मिले थे कि सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में माओवादी फिर से सक्रिय हो सकते हैं। मुठभेड़ ने इन आशंकाओं को और पुख्ता कर दिया है। फिलहाल पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

# पलामू के पिपराटांड़ में गोली मारकर हत्या घर से बाहर बुलाया फिर सिर में मार दी गोली

संवाददाता



**पलामू:** जिले के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों ने 65 वर्षीय राजमुनी पाठक के सिर में गोली मारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान कर्मा गांव निवासी राजमुनि पाठक के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात राजमुनि पाठक अपने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग घर में पहुंचे और किसी बहाने से उन्हें बाहर बुलाया। इसके बाद घर से करीब 200 मीटर दूर ले जाया गया। जहां आरोपियों ने राजमुनि पाठक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के वक्त घर में उनकी पत्नी मौजूद थी। जबकि उनके दोनों बेटे बाहर नौकरी करते हैं।

पिपराटांड़ थाना प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। प्रारंभिक जानकारी में परिजनों ने जमीन विवाद की बात बताई है, लेकिन पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि अंजान लोग राजमुनी पाठक को घर से बुलाकर ले गए, उस दौरान पत्नी ने भी ध्यान नही दिया। सुबह मृतक का शव बरामद हुआ है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू किया गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंचे हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि कर्मा इलाके में किसी के साथ राजमुनि पाठक का पांकी के कुछ लोगों के साथ जमीन का विवाद चल रहा है।

# दो चरणों में होगी जनगणना , 1-15 मई तक चलेगी स्वगणना : रांची नगर निगम



संवाददाता

**रांची :** नगर निगम ने जनगणना 2027 को लेकर बुधवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान मेयर रौशनी खलखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार, नगर आयुक्त, कमिश्नर, अपर नगर आयुक्त, संयुक्त निदेशक समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भी शामिल हुए।

संवाददाता सम्मेलन के बाद प्रेस वार्ता कर अधिकारियों ने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा, जिसमें घरों से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्र की जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली जाएगी।

नगर निगम ने बताया कि 1 से 15 मई तक नागरिकों के लिए स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान लोग स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि कि जनगणना के दौरान किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा और न ही किसी तरह का ओटीपी (डळढ) लिया जाएगा। लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी तरह के फर्जी कॉल या मैसेज से सतर्क रहें।

जनगणना को लेकर ग्रामीण और नेटवर्क से वंचित क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ऐसे इलाकों में शिक्षकों को जिम्मेदारी दी जाएगी, जो घर-घर जाकर जनगणना का कार्य पूरा करेंगे. नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहयोग करें, ताकि सही और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकें।

# कुएं में फंदे से लटका मिला युवती का सड़ा-गला शव, फैली सनसनी

संवाददाता



**सरायकेला-खरसावां :** जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के सीरका गांव में बुधवार को एक सिंचाई कुएं से अज्ञात युवती का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव कुएं के अंदर फंदे से लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और माहौल काफी गंभीर हो गया।

**दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को हुआ शक :** ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुएं की ओर से तेज दुर्गंध आ रही थी। पहले लोगों ने इसे सामान्य बात समझा, लेकिन जब दुर्गंध लगातार बढ़ती गई और कुएं के अंदर संदिग्ध स्थिति दिखाई दी, तब लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना नीमडीह थाना पुलिस को दी गई।

**पुलिस ने बाहर निकलवाया शव :** सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतन तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुएं की गहराई काफी ज्यादा थी और उसके अंदर पानी भी भरा हुआ था, जिससे शव को बाहर निकालना आसान नहीं था। स्थानीय लोगों की मदद से पहले प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थिति को देखते हुए हाइड्रा और पोकलेन मशीन मंगाई गई। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया। बाहर निकाले जाने तक शव पूरी तरह सड़-गल चुका था।

**पहचान कर पाना फिलहाल मुश्किल :** पुलिस के अनुसार शव की हालत इतनी खराब थी कि युवती की पहचान तुरंत कर पाना संभव नहीं हो सका। मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव पर चेकदार गुलाबी रंग का पायजामा, सफेद रंग का सलवार-कमीज और पिंक रंग का दुपट्टा मिला है। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव बुरी तरह खराब हो चुका है।

**प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका :** थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। आशंका है कि युवती ने दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर कुएं के अंदर ही जान दे दी। पुलिस को कुएं के भीतर नीचे उतरने के लिए पत्थरों से बना अस्थायी सीढ़ीनुमा रास्ता भी मिला है। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि युवती खुद नीचे उतरी और फिर यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार :** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही है, ताकि मृतका की पहचान हो सके। गांव में इस घटना के बाद डर और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# सारंडा के स्कूल में घुसे जंगली हाथी, चट कर गये बच्चों के मिड डे मील का सामान



संवाददाता

**चाईबासा :** जिले के घने सारंडा जंगल क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हेन्देदिरी का है, जहां मंगलवार की आधी रात दो जंगली हाथी स्कूल परिसर में घुस आए और जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने स्कूल के रसोईघर का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर रखे मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) के लिए रखे चावल, दाल, सब्जियां समेत अन्य खाद्य सामग्री खा गए। इतना ही नहीं, हाथियों ने रसोईघर में रखे बर्तन और अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिए। घटना के बाद स्कूल की मिड डे मील व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बुधवार को जब बच्चे स्कूल पहुंचे, तो उन्हें भोजन नहीं मिल सका।

**बच्चों और अभिभावकों में डर का माहौल :** राशन खत्म हो जाने के कारण बच्चों को बिना भोजन के ही पढ़ाई करनी पड़ी। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे पहले से ही हाथियों के डर के बीच स्कूल आते हैं। अब इस घटना के बाद बच्चों और उनके अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की लगातार आवाजाही से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं।

**ग्रामीणों ने बताया पूरी घटना :** दुविल गांव निवासी वीर सिंह हांसदा ने बताया कि हेन्देदिरी टोला स्थित इस स्कूल में देर रात दो जंगली हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हाथियों ने न सिर्फ भोजन सामग्री नष्ट कर दी, बल्कि स्कूल की संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी अभी भी आसपास के जंगलों में मौजूद हैं। ऐसे में फिर से किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है।

**वन विभाग से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय लोगों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही स्कूल को हुए नुकसान की भरपाई की जाए और बच्चों के लिए जल्द से जल्द मध्याह्न भोजन व्यवस्था फिर से शुरू कराई जाए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाया गया, तो भविष्य में और बड़ी घटना हो सकती है।

# झारखंड में मौसम का हाल, कई जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट

**रांची:** झारखंड में मौसम ने आज फिर करवट ली है। मौसम केंद्र, रांची के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से हवा में नमी बढ़ गई है और वातावरण अस्थिर हो गया है। इसी वजह से 29 अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में आंशिक बादल के छाए रहने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। खास बात है कि 4 मई तक मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना है। हालांकि अभी ज्यादातर जिलों का तापमान सामान्य से अधिक रिकॉर्ड हुआ है।

**इन इलाकों में वज्रपात और बारिश के आसार :** राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य हिस्सों में मौसम का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। इन इलाकों में गरज के साथ तेज हवा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना जताई गई है। साथ ही वज्रपात का भी खतरा बना हुआ है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं-कहीं गरज के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की आशंका है। अगर जिलों की बात करें तो बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, हजारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, रामगढ़, रांची, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में मौसम ज्यादा सक्रिय रहेगा।

**प्रमुख इलाकों के तापमान की स्थिति :** पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला है। हालांकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है। राज्य के ज्यादातर इलाकों में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब डेढ़ डिग्री ज्यादा है। वहीं जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो और चाईबासा में तापमान 41 डिग्री के पार रहा। सरायकेला राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां पारा 41.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

**सभी इलाकों में सामान्य से ज्यादा तापमान :** अगर सामान्य तापमान से तुलना करें, तो राज्य के लगभग सभी हिस्सों में तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा बना हुआ है। खासकर चाईबासा और बोकारो में यह बढ़ोतरी ज्यादा देखी गई। इतना ही नहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने की वजह से रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज में दोपहर 1 बजे तक 61.11 फीसदी वोटिंग



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे और आखिरी चरण के लिए आज वोटिंग हो रही है। 294 सदस्यीय विधानसभा में से आज शेष बचे 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है। आज जिन हाई-प्रोफाइल सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें भवानीपुर भी है, जहाँ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी से है। वह नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जहाँ से वह बीजेपी के मौजूदा विधायक हैं। आज हुगली (18), हावड़ा (16), कोलकाता (11), नदिया (17), उत्तर 24 परगना (33), पूर्वी बर्धमान (16) और दक्षिण 24 परगना (31) जिलों में वोटिंग हो रही है। दूसरे चरण में कुल 1448 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 218 महिला उम्मीदवार हैं। 266 मुस्लिम उम्मीदवार हैं, जिनमें से 25 महिलाएं हैं। चुनाव आयोग के अनुसार इन 142 सीटों पर कुल 3,21,73,837 वोटर हैं। इससे पहले 23 अप्रैल को 152 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग हुई। चुनाव आयोग की ओर से राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दूसरे चरण के 142 निर्वाचन क्षेत्रों में से टीएमसी ने पिछले चुनाव में 123 सीटें जीती थी जबकि भाजपा को मात्र 18 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

पुलिस ने भवानीपुर के जय हिंद भवन पोलिंग बूथ पर लाठीचार्ज किया

बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी के टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा हमले का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने भवानीपुर के जय हिंद भवन पोलिंग बूथ पर लाठीचार्ज किया।

**सुवेंदु अधिकारी ने पोलिंग बूथ पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के हमले का आरोप लगाया :** भवानीपुर और नंदीग्राम से बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर के जय हिंद भवन पोलिंग बूथ पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के हमले का आरोप लगाते हुए कहा, 'वे वोटर नहीं हैं, वे बाहरी हैं। उन्होंने मुझ पर हमला करने की कोशिश की। यहां सीआरपीएफ भेजो। जब तक यहां फोर्स नहीं भेजी जाती, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। वे ममता के गुंडे हैं।

टीएमसी समर्थकों ने सुवेंदु अधिकारी को घेरा और 'जय बंगाल' के नारे लगाए

भवानीपुर और नंदीग्राम से बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी एक पोलिंग बूथ का इंस्पेक्शन करने पहुंचे। वहां पहुंचते ही टीएमसी समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और 'जय बंगाल' के नारे लगाने लगे।

**सुवेंदु अधिकारी ने कहा, फाल्टा घटना की जानकारी अमित शाह को दी :** पश्चिम बंगाल के फाल्टा घटना पर बीजेपी आरोप लगा रही है कि एक पोलिंग बूथ पर उनके चुनाव निशान पर टेप चिपका दिया गया था, भवानीपुर और नंदीग्राम से बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'हम भी मॉनिटर कर रहे हैं और जो जरूरी होगा वो करेंगे। चुनाव आयोग ने भी इस पर संज्ञान लिया है। अगर यह इसी तरह काम करता है, तो जो जरूरी होगा वो किया जाएगा। मैं उम्मीदवार से इस बारे में बात करूँगा। भूपेंद्र यादव जी ने मुझे सुबह 9 बजे फोन किया। मैंने उन्हें स्थिति बताई। कुछ मिनट पहले ही गृह मंत्री, मेरे नेता अमित शाह जी ने मुझे फोन किया। मैंने उन्हें फाल्टा घटना के बारे में बताया। यह टीएमसी की टेक्निक है। हम एक्शन ले रहे हैं। अभी कुछ नहीं हुआ है। अभी बहुत कुछ देखना बाकी है।

**गड़बड़ी की शिकायत आती है तो उन बूथों पर दोबारा वोटिंग होगीः चुनाव कमिश्नर :** बंगाल चुनाव को लेकर चुनाव कमिश्नर ने कहा कि अगर किसी बटन को टैप करने की रिपोर्ट आती है, तो उसे वेरिफाई और नोट किया जाना चाहिए। अगर यह सच है, तो उन बूथों पर दोबारा वोटिंग होगी।

# गाजियाबाद : हाईराइज सोसायटी के फ्लैट में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटीं

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र से एक बड़ी आग लगने की घटना सामने आई है, जिसने स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। जानकारी के अनुसार, इंदिरापुरम स्थित ह्णगौर ग्रीन एवेन्यूह्ण नामक निजी हाउसिंग सोसाइटी के एक फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में आसपास के फ्लैट्स और निवासियों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फ्लैट से धुआं और आग की ऊंची लपटें निकलती देख लोगों ने तुरंत सोसाइटी प्रबंधन और दमकल विभाग को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और आग को अन्य फ्लैट्स तक फैलने से रोकने में जुट गए। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सोसाइटी के अन्य फ्लैट्स को खाली कराया गया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने भी इलाके को घेरकर राहत और बचाव कार्य में सहयोग किया। दमकल विभाग के अधिकारी लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास में लगे हुए हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।




## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**दुमका :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम वेयरहाउस में लागू विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की।

इस क्रम में उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने परिसर का भ्रमण कर विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों, तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का निर्देश दिया।

## राजकीय श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ राजकीय श्रावणी मेला 2026, बासुकीनाथ धाम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि मेले से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाए तथा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने शिवगंगा की साफ-सफाई शीघ्र पूर्ण करने, कांवरिया पथ में चापानलों की मरम्मत, बायो टॉयलेट की व्यवस्था, टेंट सिटी निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बाइक एंबुलेंस, टेंट अस्पताल, अग्निशमन प्रशिक्षण तथा एनडीआरएफ की तैनाती सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, जरमुंडी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, नगर पंचायत बासुकीनाथ के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**दुमका :** संथाल परगना प्रमंडल के प्रमण्डलीय आयुक्त संजय कुमार ने मंगलवार को +2 पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुरूवा, दुमका एवं संथाल आवासीय विद्यालय, मसलिया, दुमका का औचक निरीक्षण किया ।

+2 पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुरूवा, दुमका एवं संथाल आवासीय विद्यालय, मसलिया, दुमका में प्रमण्डलीय आयुक्त श्री कुमार ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें एकाग्रता, अनुशासन एवं पूरी तन्मयता से पढ़ाई करने की सलाह दी गयी। उपस्थित शिक्षकों को भी पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निदेशित किया गया। प्रमण्डलीय आयुक्त श्री कुमार ने विद्यालय के छात्रावास का भी निरीक्षण किया एवं विद्यालय के प्राचार्य को विद्यालय परिसर एवं छात्रावास में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। मौके पर प्रमण्डलीय आयुक्त श्री कुमार ने संथाल आवासीय विद्यालय, मसलिया, दुमका में अध्ययनरत छात्रों को रसायन शास्त्र के कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं प्रभावी ढंग से विस्तारपूर्वक जानकारी दी ।

## 3 मई को 4 केंद्र में आयोजित होगी नीट परीक्षा



**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में नीट परीक्षा( यू जी) -2026 दिनांक-03.05.2026 (रविवार) के सफल एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नीट परीक्षा( यू जी)-2026 के सफल संचालन हेतु कुल-04 (चार) परीक्षा केन्द्र बनाये गए है जहाँ पर (अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक) परीक्षा संचालित की जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों व केंद्राधीक्षक को निदेश दिया कि वे सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं (बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था) के साथ-साथ सुरक्षा मानकों की जांच कर दरुस्त करा लें। आगे उन्होंने आगामी 03.05.2026 को आयोजित होने वाले परीक्षा को लेकर पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर सक्रिय रहने और केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री सिंह ने सभी केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी के साथ परीक्षार्थियों के प्रवेश को लेकर केंद्र के मुख्य द्वार पर ही पुरुष और महिला सुरक्षाकर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी का निर्देश दिया, ताकि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को केंद्र के भीतर जा न सके। साथ ही फ्रिस्किंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के लिए केंद्राधीक्षकों को विशेष रूप से निदेशित किया गया।

### चतरा पुलिस को अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता

# पंजाब के दो तस्करों समेत चार तस्कर गिरफ्तार

**◀सात लाख रुपये का अफीम और लग्जरी कार जब्त ◀2021 में भी पंजाब के तस्करों की चतरा में हुई थी गिरफ्तारी**

**संवाददाता**



**चतरा :** जिले की सदर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अनिमेश नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय अफीम तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने एक किलो 319 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया है। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से अफीम के अलावा एक काले रंग की मारुति स्विफ्ट कार, विभिन्न कंपनियों का चार मोबाइल फोन और नकद राशि भी बरामद की गई है। एसडीपीओ के अनुसार यह गिरोह चतरा के सदर थाना अंतर्गत टिकर जितनी रोड के रास्ते अफीम की बड़ी खेप खपाने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टिकर रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध स्विफ्ट कार (रजिस्ट्रेशन नंबर ढइ08ऋछ-1403) को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से अफीम की खेप बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभाव से चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों में चतरा और पंजाब के तस्कर शामिल हैं। इनकी पहचान संतोष कुमार दांगी और रूपेश कुमार यादव (दोनों चतरा निवासी) तथा हरेन्द्र सिंह और दविन्द्रपाल सिंह (दोनों जालंधर और शाहकोट, पंजाब निवासी) के रूप में हुई है। एसडीपीओ नें बताया कि यह बात की ओर इशारा करता है कि तस्करों का नेटवर्क झारखंड से लेकर पंजाब तक फैला हुआ है। करीब सात लाख रुपये के अफीम के साथ ओप्पो, आईफोन 14 प्रो मैक्स, वीवो और रेडमी जैसे महंगे मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य संपर्कों और फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र से अफीम की खरीद कर उसे पंजाब ले जाने के फिराक में थे।

### खेलो इंडिया के नाम पर चतरा में खानापूर्ति

# अस्मिता सिटी लीग में अव्यवस्था को लेकर सवालों में घिरा सिस्टम..



**◀खेल पदाधिकारी के अजीबोगरिब कारनामें**
**◀महिला खिलाड़ियों की कमी नें विभाग की मनमानी को कर दिया उजागर.**

**संवाददाता**

**चतरा :** खेलो इंडिया मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित अस्मिता सिटी लीग चतरा में अव्यवस्था और कमजोर भागीदारी के कारण सवालों के घेरे में आ गया है। जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अपेक्षित संख्या में बालिका खिलाड़ी नहीं जुट पाईं। स्थिति यह रही कि पूरे आयोजन के दौरान आवासीय डे बोर्डिंग सेंटर की बच्चियों को ही विभिन्न खेलों में शामिल कर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी की गई। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन और ताइक्वांडो जैसे खेल शामिल किए गए थे, लेकिन अधिकांश स्पधाएं या तो सीमित प्रतिभागियों के साथ संपन्न हुईं या फिर आयोजित ही नहीं हो सकीं। फुटबॉल में टीमों की कमी के कारण एक ही टीम को दो बार खिलाकर प्रतियोगिता समाप्त कर दी गई, जबकि बैडमिंटन में भी मात्र 8 से 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हॉकी और ताइक्वांडो प्रतियोगिताएं पूरी तरह से नहीं हो पाईं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिन बालिकाओं ने खेलों में हिस्सा लिया, उन्हीं से खेल विभाग के द्वारा तकनीकी कार्य भी करवाया गया। स्थिति यह रही कि प्रचार-प्रसार के अभाव और समन्वय की कमी के कारण जिले के अन्य खिलाड़ियों और खेल संघों की भागीदारी लगभग नगण्य रही। संघों की

**अनदेखी और विभागीय बयान पर उठ रहे हैं सवाल..? :** इस पूरे मामले पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कम भागीदारी के पीछे जिले में सक्रिय खेल संघों की कमी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यहां कोई भी खेल संघ पंजीकृत नहीं है, इसलिए विभाग उन्हें मान्यता नहीं देता। वहीं, जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने विभाग के दावों को खारिज करते हुए कहा कि आयोजन से पूर्व किसी भी संघ के साथ बैठक नहीं की गई और न ही समय रहते सूचना दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि 25 अप्रैल को जिला वेबसाइट पर सूचना अपलोड होने के बाद ही खेल संघ के लोगों को कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी गर्मी में एक ही दिन और एक ही स्थान पर सभी प्रतियोगिताएं कराना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि न समय सारणी स्पष्ट थी, न ही किसी प्रकार का समन्वय देखा गया। कहा कि इस पूरे प्रकरण ने जिले में खेल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और खेलों को बढ़ावा देना है, तो फिर बिना तैयारी और समन्वय के इस तरह



## ग्रामसभा कर आंगनबाड़ी सहायिका का किया गया चयन,पारदर्शिता के साथ हुआ सम्पन्न

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के लेंजवा पंचायत के चिरैयाटांड़ गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 177 परिसर में ग्रामसभा कर आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सहायिका का चयन किया गया। चयन प्रकिया हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन हुआ। लेंजवा पंचायत मुखिया योगेंद्र यादव ने बताया कि कि संपन्न चुनाव में सहायिका पद के अभ्यर्थी रेखा कुमारी का चयन किया गया। जबकि सहायिका के लिए प्राप्त आवेदन में तीन अभ्यथीर्यों रेखा कुमारी, मनिता कुमारी, सुनैना कुमारी ने अपना - अपना मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया मूल दस्तावेज जांचने के उपरांत अंकप्रमाण पत्र के आधार पर सर्वसम्मति से रेखा कुमारी का चयन आंगनबाड़ी सहायिका पद पर संपन्न हुआ । उन्होंने बताया की कागजात वेरिफिकेशन के बाद रेखा को 26, मनिता को 10 और सुनैना को 6 अंक प्राप्त हुए। अंकप्रमाण पत्र के आधार पर रेखा को चयन किया गया। मौके पर उपमुखिया संजय रजक, विजय पासवान आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## करेंट की चपेट में आने से हुआ हादसा, 7 माह पूर्व घर से रोजी रोटी की तलाश मे गया था यूपी

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव का एक प्रवासी मजदूर पलायन की भेंट चढ़ गया है। जोलडीहा पंचायत के कसियाडीह निवासी कुलेश्वर भुईयां के 35 वर्षीय पुत्र वकील भुइयां यूपी के बिजनौर जिले के जीतपुरा गांव में करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उनका शव मंगलवार को गांव पहुंचा। युवक का शव मंगलवार शाम पहुंचते ही गांव में पूरा मातम पसर गया।मृतक वकील मजदूरी का काम करता था। वह 7 माह पूर्व यूपी मजदूरी के तलाश में गया हुआ था। यूपी में पहुंचकर बिजनौर जिले के जीतपुरा गांव में बड़े किसान घर खेती का काम करता था। मृतक सोमवार अहले सुबह जब ट्यूबवेल से खेत में पटवन कर रहा था। उसी दौरान वह कटे तार के करेंट की चपेट में आ गया। सुबह जब आसपास की मजदूरों ने देखा की उसकी मौत हो चुकी है वहां मौजूद मजदूरों और अन्य साथियों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी ।वही अंतिम संस्कार के लिए शव को कसियाडीह गांव लाया गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार हुआ। वकील की मौत से पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। वकील के तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके पालन - पोषण की जिम्मेदारी अब परिवार पर आ गई है। अपने पिता की बेसमय मौत से बच्चे सदमें में हैं । बता दे की वकील घर में मात्र एक ही कमाऊ सदस्य थे ।इधर ग्रामीणों ने राज्य सरकार श्रम विभाग से मुआवजा की मांग की है ।रोजी-रोटी की तलाश में छोटे गांवो से महानगरों के लिए पलायन सामान्य बात है। जहां कुछ लोग अपने मेहनत मजदूरी के बल पर अपने घर पैसा भेजने में कामयाब होते हैं। वहीं कई बार कुछ लोग हादसों का शिकार भी हो जाते हैं। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

### सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला की तैयारी जोरों पर

# प्रवेश निशुल्क प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक

**125 स्टॉल में स्वदेशी उत्पाद, लोक संस्कृति, खान पान, झारखंड की कलाकृति का दिखेगा संगम**



**रांची :** वंदे मातरम के 150 सौ वर्ष पूर्ण होने पर सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला - 2026 का तीन दिवसीय आयोजन 1 से 3 मई तक आड्रे हाउस में होने जा रहा है।

आयोजन की सफलता के लिए सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित प्रभारी संयोजक एवं आयोजन समिति के सदस्य अपने अपने कार्यो को बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए आयोजन स्थल में लगे हुए है।

श्री सेठ ने बताया की स्थानीय उत्पादकों ,शिल्पकारों और झारखंड के खान-पान को प्रोत्साहित करने के लिए 125 से भी ज्यादा स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे है।

महोत्सव में प्रवेश प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक निशुल्क रहेगा। तीन दिवसीय महोत्सव में कई स्कूलों से दस हजार बच्चों की यहां सहभागिता होगी । प्रातः 9:00 बजे से चलने वाले कई कार्यक्रम के अलावा सायं 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक झारखंड सहित देश भर के विशेष कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक आयोजन के माध्यम से कलाकार अपनी प्रतिभाओ के संग प्रस्तुति देंगे जिसमे झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को मंच के साथ प्रोत्साहित और प्रेरित भी किया जाएगा।

वोकल फॉर लोकल सहित आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्त्र ,स्वदेशी सामान,स्वदेशी खाद्य पदार्थों को स्वदेशी मेला के माध्यम से सांस्कृतिक कलाओ को देखने का सुनहरा अवसर प्रदान होगा । जनजातीय नृत्य ,सामूहिक नृत्य ,लघु नाटिका, शास्त्रीय संगीत, पश्च्यात सामूहिक संगीत, सहित पारंपरिक गीतों की प्रस्तुतियां भी कलाकारों के माध्यम से रखी जायेगी। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री सहित गजेंद्र सिंह शेखावत पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार सहित कई

केंद्रीय मंत्री एवम विशिष्ट कलाकारों का आगमन होगा।

संजय सेठ ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का मई माह में एक साल पूर्ण हो रहा है ऑपरेशन सिंदूर के विजयी श्री पर रांची के बच्चों द्वारा बनाई गई 400 पेंटिंग की प्रदर्शनी स्वदेशी मेला में लगाई जाएगी।

स्वदेशी मेला के संयोजक मुकेश काबरा, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक अजय मलकानी , मेला प्रबंधक ऐश्वर्य सेठ, आशीष सत्यव्रत सहित 100 से भी ज्यादा सदस्य आयोजन को सफल बनाने में लगे है।

तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी आत्मनिर्भरता का भब्य संगम राज्य में पहली बार हो रहा है हमारा उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना झारखंड की लोक संस्कृति परंपरा एवं आदिवासीयो के गौरव को मंच प्रदान कर उनको भरपूर सम्मान देना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक कला, और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना लक्ष्य है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , महापौर रोशनी खलको,उप महापौर नीरज कुमार ,सांस्कृतिक महोत्सव के संयोजक अजय मलकानी ,स्वदेशी मेला के संयोजक मुकेश काबरा,ऐश्वर्य सेठ , आशीष सत्यव्रत,नीरज चौधरी, रमेंद्र कुमार , शंकर दुबे ,बलराम , कमलजीत सिंह (सन्टी), राजीव सहाय ,अमित चौधरी, मनीष लोधा,पूनम आनंद , नीतू सिंह,सीमा, एस डी सिंह, आनंद संजीव साहू,नयन मयूर,आनंद कुमार, पवन जोडन, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, ललन श्रीवास्तव ,रवि कुमार वर्मा, संजय गोयल, प्रदीप कुमार,भीष्म सिंह, मनोज कुमार,नीलम चौधरी , राजीव वर्मा, राहुल सिंहा, सहित काफी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य लगे है।

## 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा महोत्सव 15 मई से



**सिल्ली :** पतराहातु स्कुल मैदान में 15 मई से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है.पूज्य चैतन्य हरि चरित जी महाराज श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे. आयोजन के संरक्षक राजेश कुमार साहू ने बताया पुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा. कलश यात्रा में आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल होंगी.आखिरी दिन हवन व खिचड़ी-भंडारा का आयोजन किया गया है. पुराण कथा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने तथा महाराज जी के ठहरने-भोजन की व्यवस्था को लेकर तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है.

## ग्रामीण भोक्ताओं ने की मंडा पूजा



**मुरी :**किता सिल्ली में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा (शिव पूजा) पर जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की। पुरुष भोक्ता नये धोती, गमछा, गंजी और हाथ में डंडा लेकर पूजा स्थल पर जय कारे लगाए। वही महिलाओं ने भी नये वस्त्र धारण कर पूजा की। ग्रामीण अपने परिवार, सामाज, क्षेत्र के सुरक्षा समृद्धि के लिए मंडा बाबा से आशीर्वाद की कामना की।ज्ञात हो कि अभी प्रत्येक गाँव में मंडा पूजा काफी दिनों से हो रहा है। इसमें मेले जैसा दृश्य रहता है।

रांची जिले में साप्ताहिक जनता दरबार

# सैकड़ों मामलों का त्वरित निष्पादन से आमजनों को मिली राहत

संवाददाता



**रांची :** मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिले के विभिन्न अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े सैकड़ों आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान की गई।

जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में आवासीय, जाति, आय, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, पंजी-2 सुधार, पेंशन स्वीकृति और केसीसी सत्यापन जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया गया।

मांडर प्रखंड में आयोजित जनता दरबार में ग्राम कंजिया के सुल्तान अंसारी और सुचिता तिर्की को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दी गई, जबकि ग्राम बंझिला के खादी उरांव को आवासीय प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं, सोनाहातु अंचल में संतोष लोहरा को पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र और करमी देवी को पंजी-2 में सुधार कर लगान रसीद प्रदान की गई।

अनगड़ा अंचल में भूमि संबंधी मामलों का निष्पादन करते हुए सोमरा उरांव, धनेश्वर महतो और सुरेश विश्वकर्मा के आवेदनों का समाधान किया गया। इसके अलावा मांडर अंचल में प्रवीण कुमार को म्यूटेशन से संबंधित शुद्धि पत्र और अजय उरांव के खाता संख्या में सुधार किया गया।

जिले के विभिन्न अंचलों में बड़ी संख्या में आवेदन निष्पादित किए गए, जिनमें बेड़ो (253), नगड़ी (206), रातु (126), बुढ़मू (105), मांडर (99), चान्हो (93), अनगड़ा (120) सहित अन्य अंचल शामिल हैं।

जिला प्रशासन ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो रहा है। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

# श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग किया गया अर्पित

संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मण्डल , रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज दिनांक 28 अप्रैल 2026 को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया ।

आज के भोग के मुख्य यजमान सुनील पोद्दार एवं उनके परिवार द्वारा श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए । सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला , मंत्री धीरज बंका एवं अग्रवाल परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया । इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा ।

द्वाशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था । आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 600 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया । आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पाड़िया , प्रदीप अग्रवाल , संजय सारस्वत , अजय साबू , प्रमोद बगड़िया , महेश सारस्वत , अमित जलान , का सहयोग रहा ।

# ट्रैफिक जवानों के बीच किया ओआरएस का वितरण

संवाददाता

**रांची :** भीषण गर्मी को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आज ट्रैफिक जवानों के बीच ओआरएस का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने ट्रैफिक एसपी के साथ बैठक कर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक में बढ़ते जाम की समस्या से राहत दिलाने के उपायों पर विमर्श किया गया। यह सुझाया गया कि स्कूली बसों का संचालन 15 मिनट के अंतराल पर किया जाए, जिससे ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित किया जा सके।

इसके अलावा, एक को-ऑर्डिनेशन कमिटी के गठन का भी प्रस्ताव रखा गया जिसमें रांची नगर निगम, ट्रैफिक विभाग, पीडब्ल्यूडी एवं झारखण्ड चैंबर सहित अन्य संबंधित संस्थाएं शामिल हों। इस समिति की नियमित बैठकों से यातायात व्यवस्था में सकारात्मक सुधार संभव होगा। साथ ही शहर की ट्रैफिक लाइट्स का व्यापक ऑडिट कराने का भी सुझाव दिया गया।

ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने चैम्बर द्वारा किए गए इस सामाजिक पहल की सराहना की तथा बैठक में दिए गए सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि भीषण गर्मी में ट्रैफिक जवान कठिन परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, ऐसे में उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ओआरएस वितरण इसी दिशा में एक छोटा प्रयास है। साथ ही, रांची शहर में यातायात की समस्या को दूर करने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। हमें विश्वास है कि संयुक्त प्रयासों से शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल शामिल थे।

## खादगढ़ा बस स्टैंड में 4 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीती रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर खादगढ़ा बस स्टैंड में की गई। गिरफ्तार युवक गिरिडीह का रहने वाला है और वह ओडिशा के संबलपुर से गांजा लेकर रांची पहुंचा था। पुलिस के अनुसार, बीते 27 अप्रैल को रात करीब 10:45 बजे सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर बस स्टैंड की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही लोअर बाजार थाना पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर खादगढ़ा बस स्टैंड में छापेमारी शुरू की।

**दो बैग में छिपाकर रखा था गांजा :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने बस स्टैंड में एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। गिरफ्तार युवक का नाम रोहित यादव बताया गया। करीब 19 साल का रोहित यादव गिरिडीह के हीरोडीह थाना क्षेत्र के कादमबरी गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम रामदेव यादव है। उसके पास एक नीले रंग और एक काले रंग का बैग मिला। जांच के दौरान दोनों बैगों में ब्राउन रंग के सेलोटेप से लिपटे कुल चार पैकेट बरामद हुए। जब इन पैकेटों की जांच की गई तो उसमें गांजा मिला। वजन करने पर कुल करीब 4 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह गांजा ओडिशा के संबलपुर से लेकर रांची आया था।



## अग्रवाल युवा सभा की पहल अग्रसेन धारा शुरू

**रांची :** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल युवा सभा द्वारा ह्लअग्रसेन धाराह्व नामक निःशुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ मंगलवार को कांके रोड स्थित प्रेमसंस मोटर अरीना शोरूम में किया गया।

संस्था द्वारा पिछले चार वर्षों से लगातार इस सामाजिक पहल का संचालन किया जा रहा है और इसकी सफलता को देखते हुए इस वर्ष इसे और विस्तारित किया गया है। पहले दो साइकिल रिक्शा के माध्यम से चलने वाली यह सेवा अब एक ई-रिक्शा के जरिए भी रांची के विभिन्न इलाकों में संचालित की जा रही है।

सभा के सचिव चेतन पोद्दार ने बताया कि ह्लअग्रसेन धाराह्व के माध्यम से शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर राहगीरों, दुकानदारों और आम नागरिकों को निःशुल्क शीतल पेय जल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी और आम पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पुनीत पोद्दार सपरिवार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव रोहित अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रसेन धारा के प्रभारी मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल और निशान अग्रवाल सहित सभा के कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उद्घाटन समारोह में संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था के प्रवक्ता अमित बजाज और मीडिया प्रभारी यश सुरेका ने बताया कि यह सेवा पूरे गर्मी के मौसम में लगातार जारी रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।

## हटिया के चांदनी चौक से 11 अवैध ढांचे हटाए गए

**रांची :** रांची नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड संख्या 52 के चांदनी चौक, हटिया क्षेत्र में सघन कार्रवाई की गई। निगम की इंफोर्समेंट टीम ने अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों, अस्थायी संरचनाओं और फुटपाथ पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया। इस दौरान कुल 11 अवैध अस्थायी ढांचों को हटाते हुए क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के बाद फुटपाथ खाली होने से आम नागरिकों के लिए आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गया है। निगम की टीम ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत दी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता, सुव्यवस्था और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। साथ ही नागरिकों और व्यवसायियों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें और नियमों का पालन करते हुए शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें।

# रिम्स की एक करोड़ से अधिक निविदाओं की होगी उच्च स्तरीय जांच : अजय



संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एक करोड़ रुपए से अधिक की उन निविदाओं की अब उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी, जिन्हें स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) की अनिवार्य स्वीकृति के बिना जारी किया गया। यह महत्वपूर्ण निर्णय मंगलवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी वित्त एवं लेखा समिति (एसएफसी) की 14वीं बैठक में लिया गया।

बैठक में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह स्पष्ट किया गया कि भविष्य में किसी भी बड़ी निविदा प्रक्रिया को निर्धारित नियमों और स्वीकृतियों के तहत ही आगे बढ़ाया जाएगा। जिन मामलों में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कर जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही तय की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव ने बैठक में रिम्स को आगामी तीन माह के भीतर पूरी तरह कैशलेस और पेपरलेस संस्थान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके लिए उन्होंने आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि अस्पताल की प्रशासनिक, वित्तीय और चिकित्सा सेवाओं को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी, प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और अनावश्यक कागजी कार्यवाही में कमी आएगी। साथ ही वित्तीय लेन-देन भी अधिक सुरक्षित और पारदर्शी होगा। बैठक में रिम्स के अधोसंरचना विकास को लेकर भी कई अहम फैसले लिए गए। समिति ने सभी नए हॉस्टलों को 12 मंजिला बनाने का निर्णय लिया, ताकि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अधिक क्षमता विकसित की जा सके। इसके अलावा पीजी हॉस्टल को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर विकसित करने पर सहमति बनी, जिससे बेहतर संसाधनों और सुविधाओं का लाभ मिल सके। रिम्स में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के तहत रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। इसके लिए आवश्यक तकनीकी और वित्तीय पहलुओं का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) या लेफ्टिनेंट कर्नल स्तर के अनुभवी सुरक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति पर भी सहमति बनी। इससे संस्थान की सुरक्षा प्रणाली को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक में कुल 15 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनमें वित्तीय पारदर्शिता, अधोसंरचना विकास, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार और प्रशासनिक सुधार प्रमुख रहे।

इस अवसर पर रिम्स निदेशक सह सदस्य सचिव डॉ. राजकुमार, अपर निदेशक प्रशासन कृष्ण प्रसाद बाघमरे, संयुक्त सचिव छवि रंजन सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों को रिम्स के व्यापक सुधार और आधुनिक चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**Office of the Executive Engineer**
**Rural Development Special Division, Hazaribag**

**Very Short Time Tender Notice**
**EXPRESSION OF INTEREST OF**
**EOI No. –01/2026-27** **Date: 28.04.2026**

| S.No. | Parts | Description |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | Name of work: | Training program on 3D Printing, IOT & Robotics for Trible in Ashram Vidyalaya, Bhelwara, Sadar, Hazaribag and Govt. Residential Schedule Cast High School, Barsot, Barhi Hazaribag. |
| 2. | Cost of the Project: | Rs. 30,67,000.00 (Rupees thirty lac sixty seven thousand only) inclusive all the taxes. |
| 3. | EMD refundable (F.D., T.D. & Passbook 3 years or 5 years: | Rs.61400.00 in the favor of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Hazaribag. |
| 4. | Tender processing fee (non-refundable) D.D. by nationalized bank: | Rs.5000.00 in the favor of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Hazaribag. |
| 5. | Expression of Interest: | The EOI shall be submitted as per schedule and place indicated in Sl. No. 13 to two selected packet indicating technical and financial documents with detail of firm overleaf. |
| 6. | Deliverable/Expectation from the interested parties: | Interested parties shall have to submit documents. As provide in point no. 11 of the EOI on or before The last date of submission and presentation to the Authority on schedule date and time mentioned. In point no. 13 The developed area must be give an attractive look. Time frame detail to execute the work within Six month from the date of agreement. The party should visit the site of proposed work and should satisfied himself with his own proposal. The party may contact the undersigned on any working day regarding detail of work/activities be carried out. Schedule visit of the site with office is at 11.00 AM on 04.05.2026 |
| 7. | Eligibility: | Experience Criteria<br>1. Party should have experience of doing work in the field of<br>2. Training program on 3D Printing, IOT & Robotics and construction activities.<br>2. Party should have ample experience of similar nature of work. |
| 8. | Pre Bid Discussion: | At 12.00 PM on 05.05.2026 |
| 9. | Right of authority to accept or reject any EOI: | The authority reserve following rights without any kind of liability.<br>3. to accept of reject or any party of any EOI/Entire EOI or all the EOIs without assigning any reason thereof.<br>4. Not to be proceed ahead in the process of any stage without assigning any reason thereof |
| 10. | Evaluation of offers: | EOI should be evaluated based on quality of there proposal uniqueness and cost effectiveness. |
| 11. | Documents to be submitted: | 5. Detail of the party including firm registration documents registered office address and contact detail of the concern person, manpower strength etc.<br>6. Power point presentation of brief operation plan showing proposed activities to be carried and the cost of the project.<br>7. List of similar work run by the bidder with complete address and detail of contact person of the organization with phone no.<br>8. Annual turnover of the firm.<br>9. Human resource available in the firm.<br>10. Capital details of the firm. |
| 12. | EOI validity: | 180 days from the submission date. |
| 13. | Last date of receipt of EOI: | Till 07.05.2026 Up to 5.00 PM at Office of Executive Engineer , R.D.S.D. Hazaribag. |
| 14. | Date, Time, Venue for the power point presentation and opening of Expression of interest: | on 08.05.2026 After 3.00 PM at Office of Executive Engineer , R.D.S.D. Hazaribag. |
| 15. | Equipment set up period: | 60 (Sixty) days from the date of Work Order |
| 16. | Training and maintenance period: | 01 (One) Year from date of lab commissioning |

**NOTE :** Detail of this EOI can be seen on Hazaribag.nic.in & Office of the Executive Engineer, Rural Development Special Division, Hazaribag.

Executive Engineer
Rural Development Special Division, Hazaribag

PR.NO.378620 Rural Development(26-27):D


# पत्रकारों को निशाना बनाकर हमला करने वाले लोकतंत्र के लिए हैं खतरा अविलंब हो गिरफ्तारी: संपूर्णा नंद भारती

संवाददाता







**रांची :** हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के अस्पताल निरीक्षण के दौरान पत्रकारों को निशाना बनाकर हमला करने की भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(इरढर) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसियेशन(खखअ) ने कड़ी निंदा की है। बीएसपीएस के राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा है कि जो जानकारी प्राप्त हुई है वह बहुत ही गंभीर मामला है, एक पत्रकार राज्य के स्वास्थ मंत्री से जब प्रश्न पूछता है तो उसे मंत्री के समक्ष ही मंत्री के समर्थकों द्वारा बुरी तरह से पिटाई की जाती है, पत्रकार की पिटाई मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने होती है और सभी मौन रहते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि यह हमला किसी एक अथवा दो पत्रकार पर नहीं किया गया है, यह हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर है जिसकी भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(इरढर) एवं झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसियेशन(खखअ) कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करता है। वहीं पूरे प्रकरण में झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नंद भारती ने कहा है कि पत्रकारों को निशाना बनाकर हमला करने वाले लोकतंत्र के लिए खतरा हैं हमलावरों की अविलंब हो गिरफ्तारी होनी चाहिए। बीएसपीएस एवं जेजेए के संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि झारखण्ड में पत्रकारों के साथ लगातार बदसलूकी एवं हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, इसे लेकर संगठन ने झारखण्ड सहित राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन कर ₹पत्रकार सुरक्षा कानून₹ लागू करने की मांग झारखण्ड एवं केंद्र सरकार से की है। श्री हसन ने कहा पत्रकारों को सवाल पूछने पर मंत्री के समक्ष मारपीट की जाती है और इसके विरुद्ध कार्रवाई के स्थान पर प्रशासन मूकदर्शक बने रहता है यह शर्मशार करने वाली घटना है। मामले को लेकर राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विष्णु शंकर उपाध्याय, प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, हजारीबाग जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, अजय मिश्रा सहित हजारीबाग के समय जेजेए के सदस्यों ने जो हजारीबाग प्रेस क्लब के भी सदस्य हैं कड़ी शब्दों में निंदा करती हुए कार्रवाई की मांग की है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## छात्रों का आत्मघात

कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो महीनों के दौरान चार छात्रों द्वारा आत्महत्या करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह संस्थान ही नहीं, शैक्षिक जगत और उनके परिवारों की भी अपूरणीय क्षति है। घटनाएं तकनीकी संस्थानों में तनाव प्रबंधन और मानसिक उपचार की खामियों को भी उजागर करती हैं। कोई व्यक्ति आत्मघाती कदम तब ही उठाता है जब उसे उम्मीद के सारे दरवाजे बंद नजर आते हैं। इस घातक कदम को उठाने से पहले वो तनाव के चरम से जूझते हुए किस मानसिक कष्ट से गुजरता होगा, अंदाज लगाना कठिन नहीं है। उसकी मनःस्थिति इतनी हताशा से भरी होती है कि आत्महत्या जैसा पीड़ादायक-घातक रास्ता उसे समाधान नजर आता है। विडंबना है कि हम संभावनाओं के इस दुखद अंत को मूकदर्शक बने देखते हैं। हम आत्महत्या के आंकड़ों व संख्या का जिक्र ही करते हैं, लेकिन उसे पाल-पोसकर बड़ा करने वाले मां-बाप पर हुए वज्रपात का अहसास नहीं करते। उच्च तकनीकी संस्थान की दहलीज तक पहुंचने में बच्चे कितना शरीर को गलाते हैं। उन्हें पालने-पोसने व बड़ा करने में मां-बाप अपना खून पसीना एक कर देते हैं। हर बच्चा चांदी का चम्मच लेकर पैदा नहीं होता। उसके इस मुकाम तक पहुंचने में माता-पिता का त्याग शामिल होता है। कई अभिभावक बैंकों से कर्ज लेकर इन तकनीकी संस्थानों में बच्चों का एडमिशन कराते हैं। कई पैरेंट्स इस लायक बनाने के लिये पैसा कोचिंग संस्थानों में बहाते हैं। फिर एक दिन खबर आती है कि उनकी उम्मीदों ने आत्मघात कर लिया। हमें उनके दर्द को अपने दर्द की तरह महसूस करना चाहिए। इन घटनाओं के बाद एनआईटी ने एक पांच सदस्यीय जांच समिति बनायी है। लेकिन क्या समिति उन बच्चों का जीवन लौटा पाएगी? दूसरी ओर राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से प्रकरण में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। वहीं एनआईटी ने छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिये कुछ अलग समितियां भी बनायी हैं। देश के विभिन्न उच्च तकनीकी संस्थानों में छात्रों के आत्मघात की खबरें अकसर आती हैं। कुछ साल पहले शिक्षा मंत्रालय ने संसद को बताया था कि साल 2018-2023 के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों के 98 छात्रों ने आत्महत्या की थी। इनमें सबसे ज्यादा सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी में हुई थी। उसके बाद आत्मघात करने वाले छात्र एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के थे। जाहिर है इन संस्थानों में कुछ तो ऐसा घट रहा है, जिससे हमारी संवेदनशील प्रतिभाएं साम्य नहीं बैठा पा रही हैं। विडंबना यह है कि देश के हर संस्थान व शासन-प्रशासन के स्तर पर आग लगने पर कुआं खोदने की मनोवृत्ति बनी हुई है। इन संस्थानों में पूरे देश की चुनिंदा प्रतिभाएं ही पहुंचती हैं। जो एक गलाकाट स्पर्धा के दौर से गुजरकर यहां तक आती हैं। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था का ढांचा ऐसा है जो बच्चों को किताबी कीड़ा तो बनाता है, लेकिन चुनौतियों से जूझने लायक नहीं बनाता। अब वे शिक्षक भी नहीं रहे जो छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर पढ़ाएं। बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है जिनकी प्राथमिकता अपने विषय और वेतन-भत्तों व सुविधाओं तक ही सीमित रह गई है। परवरिश के स्तर पर भी नहीं सिखाया जाता कि जीवन में बुरे से बुरा घटने पर बिना विचलित हुए कैसे उस चुनौती का सामना किया जाए। परिवार की उम्मीदों का बोझ ढोते, ये प्रतिभावान बच्चे जब असफलता के भय से ग्रस्त होते हैं तो आत्महत्या को अंतिम विकल्प के रूप में सोचने लगते हैं। ऐसी घटनाएं होने पर शिक्षण संस्थानों द्वारा फौरी तौर पर जो कदम उठाये जाते हैं, वे कारगर साबित नहीं होते। किसी आत्महत्या का मामला प्रकाश में आने के बाद हाय-तौबा होती है, तब घोषणाएं होती हैं। फिर वही ढाक के तीन पात। तनाव से गुजरते छात्रों पर पैनी नजर रखने की जरूरत होती है। ये बच्चे बेहद संवेदनशील व ईमानदार होते हैं, जो अपने को साबित न कर पाने पर आत्मघात की राह चुन लेते हैं। समय रहते उनकी पहचान करके संस्थान प्रबंधन व अभिभावकों को उनकी मनोवैज्ञानिक सहायता करनी चाहिए। इन प्रतिभाओं को तनाव के दानव का ग्रास बनने से रोके जाने की जरूरत है।

## जीवनशैली के रोग

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है। हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं। हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री ह्यमन की बातह्ण रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है।

# अनुसूचित जाति आरक्षण और मतांतरण: संवैधानिक सीमाएँ, न्यायिक दृष्टिकोण

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुसार एससी का दर्जा प्रारंभ में केवल हिंदुओं तक सीमित था, जिसे बाद में संशोधनों के माध्यम से सिख (1956) और बौद्ध (1990) समुदायों तक विस्तारित किया गया। इस व्यवस्था के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति, जो मूलत: एससी समुदाय से आता है, इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लेता है तो वह एससी के लिए उपलब्ध आरक्षण और विशेषाधिकारों का दावा नहीं कर सकता।

**कैलाश चन्द्र**

भारत का संवैधानिक ढाँचा अनुसूचित जातियों (एससी) को उन ऐतिहासिक सामाजिक विषमताओं से उबारने के लिए विशेष संरक्षण और आरक्षण प्रदान करता है, जो सदियों से चले आ रहे अस्पृश्यता, बहिष्कार और जातिगत उत्पीड़न से उत्पन्न हुई हैं। यह व्यवस्था केवल आर्थिक पिछड़ेपन का समाधान नहीं है बल्कि एक गहरे सामाजिक अन्याय के प्रतिकार के रूप में विकसित की गई है। इसी कारण अनुसूचित जाति का दर्जा मूलतः उस सामाजिक-धार्मिक संरचना से जुड़ा माना गया है, जिसमें यह उत्पीड़न उत्पन्न हुआ अर्थात पारंपरिक हिंदू सामाजिक व्यवस्था।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुसार एससी का दर्जा प्रारंभ में केवल हिंदुओं तक सीमित था, जिसे बाद में संशोधनों के माध्यम से सिख (1956) और बौद्ध (1990) समुदायों तक विस्तारित किया गया। इस व्यवस्था के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति, जो मूलतः एससी समुदाय से आता है, इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लेता है तो वह एससी के लिए उपलब्ध आरक्षण और विशेषाधिकारों का दावा नहीं कर सकता। इस सिद्धांत के पीछे यह धारणा है कि इन धर्मों में वह संरचित जाति-आधारित अस्पृश्यता नहीं है, जिसके निवारण हेतु एससी आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।

समस्या तब जटिल हो जाती है जब धर्म परिवर्तन के बाद भी कोई व्यक्ति एससी आरक्षण का लाभ लेना जारी रखता है या अपनी धार्मिक पहचान को अस्पष्ट रखकर संवैधानिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास करता है। ऐसी स्थिति न केवल संविधान की मूल भावना को आहत करती है बल्कि वास्तविक वंचित वर्गों के अधिकारों का हनन भी करती है।




न्यायपालिका ने इस विषय पर अनेक बार स्पष्ट किया है कि धर्म परिवर्तन से सामाजिक पहचान का प्रश्न पूरी तरह समाप्त नहीं होता, किंतु एससी आरक्षण का अधिकार समाप्त हो जाता है, जब तक यह प्रमाणित न हो कि नए धर्म में भी व्यक्ति समान सामाजिक उत्पीड़न का सामना कर रहा है।

इस जटिल प्रश्न को समझने के लिए पश्चिम बंगाल की एक चर्चित राजनीतिक घटना अपरूपा पोद्दार उर्फ. आफरीन अली का प्रकरण महत्वपूर्ण केस स्टडी प्रस्तुत करता है। अपरूपा पोद्दार का जन्म एक हिंदू अनुसूचित जाति परिवार में हुआ था। वर्ष 2007 में उन्होंने रिशड़ा क्षेत्र के स्थानीय पार्षद मोहम्मद शाकिर अली से विवाह किया। कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया कि विवाह के बाद उन्होंने इस्लाम स्वीकार कर ह्लआफरीन अलीह्व नाम धारण किया, जबकि उन्होंने स्वयं सार्वजनिक रूप से कहा कि उन्होंने केवल नाम बदला है, धर्म नहीं।

विवाद तब गहराया जब 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें आरामबाग (एससी आरक्षित सीट) से उम्मीदवार बनाया गया। विपक्षी दलों ने आपत्ति उठाई कि यदि उन्होंने धर्म परिवर्तन किया है तो एससी आरक्षित सीट से चुनाव लड़ना संवैधानिक रूप से अनुचित है। उन्होंने नामांकन में ह्लअस्त्रं१ङ्क्षस्त्रं ढङ्क्षह्१ @ आ१ल्ल अ/ह्व का प्रयोग किया और चुनाव जीत भी गईं। हालांकि धर्म परिवर्तन का कोई आधिकारिक प्रमाण न्यायालय या चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके कारण उनकी उम्मीदवारी रद्द नहीं की गई।

यहाँ एक महत्वपूर्ण पहलू इस्लामी कानून से जुड़ा है। पारंपरिक इस्लामी शरीअत के अनुसार किसी मुस्लिम पुरुष का विवाह (निकाह) एक गैर-मुस्लिम महिला (जो ह्यअहल-ए-किताबह्ण श्रेणी में न आती हो) से वैध नहीं माना जाता, जब तक कि वह महिला इस्लाम स्वीकार न कर ले। इस आधार पर यह प्रश्न उठता है कि यदि वास्तव में निकाह हुआ था तो क्या धर्म परिवर्तन भी हुआ होगा। किंतु चूँकि इसका कोई विधिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है इसलिए यह विवाद अनिर्णीत ही रहा।

भारतीय न्यायपालिका ने इस विषय पर कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। रङ्क्षह्र बनाम वल्ल्रङ्क्षल्ल ङ्ग क्ल्र्रं (1985) में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ईसाई धर्म अपनाने वाला व्यक्ति एससी का दावा नहीं कर सकता। सीएम अरुमुगम (1976) और कैलाश सोनकर (1984) जैसे मामलों में यह सिद्धांत स्थापित हुआ कि यदि कोई व्यक्ति पुनः हिंदू धर्म में लौटता है और उसका समुदाय उसे स्वीकार कर लेता है तो उसका एससी दर्जा पुनर्जीवित हो सकता है। वहीं पुनीत राय (2003) और मो. सादिक (2016) में यह स्पष्ट किया गया कि इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने के बाद एससी आरक्षण का दावा नहीं किया जा सकता।

इन सभी निर्णयों से एक व्यापक सिद्धांत उभरता है कि एससी आरक्षण केवल जातिगत उत्पीड़न की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़ा है, न कि मात्र जन्म या पहचान से। धर्म परिवर्तन इस अधिकार को प्रभावित करता है क्योंकि यह उस सामाजिक संरचना से दूरी को दशार्ता है, जिसमें यह उत्पीड़न निहित था।

अंततः यह प्रश्न केवल कानूनी नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक भी है। यदि आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य वास्तविक वंचित समुदायों को न्याय दिलाना है तो इसका उपयोग केवल उन्हीं तक सीमित रहना चाहिए। धर्मांतरण और एससी आरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें तथ्यों की पारदर्शिता, न्यायिक विवेक और संवैधानिक मूल्यों का सम्मान अनिवार्य है।

इस प्रकार ह्लएससी आरक्षण और धर्मांतरणह्व का विषय भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण परीक्षण है, जहाँ न्याय, समानता और ऐतिहासिक सत्य के बीच संतुलन स्थापित करना ही सबसे बड़ी चुनौती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए है इन दो देशों के बीच नए युग का उदय

अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद संघीय एजेंसी ने कहा कि जवाब खोजने के लिए ऊर्जा विभाग, युद्ध विभाग और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जांच की जा रही है। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के नेतृत्व वाली हाउस ओवरसाइट कमेटी ने अलग से जांच करने का फैसला लिया है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी आर्थिक शक्ति और रणनीतिक दूरदर्शिता का दमदार परिचय दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर लगी आधिकारिक मुहर आज उस नए भारत की तस्वीर है जो अवसरों को पहचानता है, उन्हें आकार देता है और पूरी दुनिया को अपने साथ जोड़कर आगे बढ़ता है।

वस्तुतः एक दशक लंबे इंतजार के बाद साकार हुआ यह समझौता हर भारतीय के भीतर नई ऊर्जा, नया आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान का एहसास जगा रहा है। इसके आरंभ में जाएं तो भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस समझौते की शुरूआत वर्ष 2010 में हुई थी। कई दौर की बातचीत के बाद 2015 में यह प्रक्रिया थम गई थी। समय ने करवट ली, वैश्विक आर्थिक समीकरण बदले और वर्ष 2025 में दोनों देशों ने एक बार फिर इस दिशा में कदम बढ़ाया। महज कुछ महीनों की गहन वाताओं के बाद यह समझौता अपने अंतिम स्वरूप तक पहुँच गया। यह तेज गति अपने आप में इस बात का संकेत है कि भारत आज निर्णायक फैसले लेने में कितना सक्षम और आत्मविश्वासी बन चुका है। इस समझौते की सबसे बड़ी खासियत इसका व्यापक प्रभाव है। यह रोजगार, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास जैसे अनेक क्षेत्रों को एक साथ आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है। खास तौर पर भारत के युवाओं के लिए यह समझौता एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। भारतीय युवा जो विदेश में अपने कौशल का प्रदर्शन करना चाहते हैं, उनके लिए अब रास्ते और भी सरल हो गए हैं। न्यूजीलैंड द्वारा शुरू की जाने वाली नई वीजा व्यवस्था के तहत हजारों भारतीय पेशेवरों को वहाँ काम करने का अवसर मिलेगा। आईटी, शिक्षा, हेल्थकेयर, फाइनेंस और कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभा का डंका बजेगा।

भारतीय संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान की भी इस समझौते में विशेष झलक दिखाई देती है। योग प्रशिक्षकों, आयुष विशेषज्ञों, भारतीय व्यंजनों के जानकार शेफ और संगीत सिखाने वाले कलाकारों के लिए वैश्विक मंच तैयार हो रहा है। ऐसे में कहना यही होगा कि यह अवसर रोजगार के साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत को दुनिया तक पहुँचाने का एक प्रभावशाली माध्यम भी बनकर हमारे सामने आया है।

इस समझौते का असर भारतीय उद्योगों पर भी बेहद सकारात्मक दिखाई देगा। टेक्सटाइल, चमड़ा, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों को अब न्यूजीलैंड के बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। इसका सीधा अर्थ है कि भारतीय उत्पाद वहाँ अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात में तेज वृद्धि देखने को मिलेगी। आगरा जैसे शहर, जहाँ चमड़ा उद्योग की मजबूत पहचान है, वहाँ के उद्यमियों के लिए यह समझौता नई उम्मीदों का द्वार खोलता है।

फार्मा और मेडिकल डिवाइस सेक्टर के लिए भी यह समझौता अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड में तेजी से स्वीकृति मिलने लगेगी। इससे लागत में कमी आएगी और भारत की दवाओं की पहुँच वहाँ के लोगों तक और अधिक तेजी से होगी। यह वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को भी मजबूत बनाएगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए भी यह समझौता किसी बड़े अवसर से कम नहीं है। भारत जैसा विशाल उपभोक्ता बाजार अब उनके उत्पादों के लिए और अधिक सुलभ हो जाएगा। कीवीफ्रूट, चेरी, ब्लूबेरी, एवोकाडो, ऊन, लकड़ी और समुद्री खाद्य पदार्थ भारतीय बाजार में आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

निवेश के क्षेत्र में भी यह समझौता नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। आने वाले वर्षों में न्यूजीलैंड द्वारा भारत में बड़े पैमाने पर निवेश किए जाने की संभावना जताई जा रही है। बुनियादी ढाँचा, कृषि तकनीक, शिक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में यह निवेश भारत की आर्थिक गति को और तेज करेगा, जिसके फलस्वरूप देश की विकास यात्रा को नई ऊर्जा मिलेगी। इस समझौते की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें भारत के किसानों और छोटे उद्योगों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। डेयरी, चीनी और कुछ धातु जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को इस समझौते से बाहर रखा गया है। इससे घरेलू उत्पादकों को सुरक्षा मिलेगी और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बनी रहेगी। सेब, कीवी और मनुका शहद जैसे उत्पादों पर सख्त आयात नियम बनाए गए हैं, जिससे भारतीय किसानों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा।

इस तरह से देखें तो भारत की योजना स्पष्ट रूप से सामने आती है। देश छोटे मगर महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में अपनी मजबूत पकड़ बनाना चाहता है। न्यूजीलैंड के साथ यह समझौता उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वर्तमान व्यापार आंकड़े आने वाले समय में कई गुना बढ़ने की संभावना है। नए अवसर, नई संभावनाएँ और नई सफलताएँ इस समझौते के साथ जुड़ी हुई हैं।

कुल मिलाकर कहें कि भारतझ्रन्यूजीलैंड एफटीए आज हर भारतीय के लिए बहुत ही गर्व का क्षण है। यह समझौता उस आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत की गाथा कह रहा है जो दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। यह एक नई शुरूआत है, एक नई दिशा है, जहाँ भारत वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर हर दिन अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

# दुनिया को शांति का मार्ग दिखाता बुद्ध का संदेश

आगामी 1 मई को दुनिया के लगभग 190 देशों के 50 करोड़ से ज्यादा लोग, जो बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं, बुद्ध पूर्णिमा जिसे वैश्विक स्तर पर वैशाख भी कहा जाता है, मनाएंगे। भारत के लिए यह एक नहीं कई वजहों से बहुत पवित्र दिन है, जिनमें मुख्य वजह बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जन्म, उनकी ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों का एक दिन होना तो महत्वपूर्ण है ही, इसके अलावा हिंदू धर्म में वैशाख पूर्णिमा का अपने आप में बहुत महत्व है। यह दिन विशेष रूप से गौतम बुद्ध के लिए जाना है, इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं। इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, इसी दिन उन्हें गया में बोधि यानी ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन उन्होंने अपनी देह त्यागी थी, जिसे बौद्ध धर्म में महापरिनिर्वाण कहते हैं। ये तीनों घटनाएं एक दिन ही घटी थीं, इसलिए बौद्ध धर्म के अनुयायी इस दिन को तीन गुनी पवित्रता का दिन कहते हैं।

भारत में बुद्ध पूर्णिमा का धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक महत्व भी है। गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल में हुआ था, लेकिन उन्होंने ज्ञान प्राप्ति और बौद्ध धर्म के विस्तार के लिए उपदेश देना भारत में शुरू किया था, इसलिए उनके और बौद्ध धर्म के भारत के साथ विशेष रिश्ते हैं। गौतम बुद्ध को बोधि की प्राप्ति बोधगया में हुई थी। सारनाथ में उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया था और कुशीनगर में उनका निधन यानी महापरिनिर्वाण हुआ था। इसलिए भारत में बौद्ध धर्म के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को त्रिरत्न पूर्णिमा की संज्ञा भी देते हैं। इस दिन बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग उपवास रखते हैं, ध्यान करते हैं, गरीबों को जो संभव हो दान देते हैं और पंचशील के नियमों का पालन करने का संकल्प लेते हैं। यह पर्व भारतीय संस्कृति में अहिंसा, शांति और समभाव के आदर्शों को पुनर्जीवित करता है, जो आज के तनावपूर्ण माहौल में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव

भारत के अलावा इस दिन को श्रीलंका, थाइलैंड, म्यांमार, भूटान और कंबोडिया में भी बड़े उत्सवमना और पवित्र मनोभाव से बुद्ध पूर्णिमा मनायी जाती है। इन देशों के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और नेपाल तथा यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में भी बौद्ध धर्म के प्रति बढ़ती श्रद्धा के कारण बुद्ध पूर्णिमा बड़े उत्साह के साथ मनायी जाती है। जिन देशों में बौद्ध धर्म अभी धर्म के रूप में नहीं बल्कि आध्यात्मिक रुझान और दार्शनिक जीवनशैली के रूप में जाना जाता है, वहां भी बुद्ध पूर्णिमा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिलता है। जिन देशों में बौद्ध धर्म मुख्य धर्म के रूप में मौजूद है, उनमें श्रीलंका भी एक है, जहां इस दिन को रोशनी और करुणा के पर्व के रूप में मनाया जाता है। लोग सड़कों पर रंग-बिरंगी लालटेन सजाते हैं, जिन्हें वेसाक लैंटर्न कहते हैं। इस दिन यहां दानशाला में लोगों को मुफ्त भोजन कराया जाता है और बुद्ध के जीवन की झांकियों के पंडाल लगाये जाते हैं, जबकि थाइलैंड में यह दिन अनुशासन और आध्यात्मिकता के विशेष दिन के रूप में मनाया जाता है। थाइलैंड में लोग मंदिरों में जाकर मोमबत्तियों के साथ जुलूस निकालते हैं, ध्यान और प्रार्थना करते हैं, शराब और मांस से परहेज रखते हैं। जबकि जापान में यह दिन फूलों के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध की मूर्ति पर इस दिन मीठी चाय चढ़ायी जाती है। मंदिरों को फूलों से सजाया जाता है। यह उत्सव धार्मिक से कहीं ज्यादा सांस्कृतिक और पारिवारिक रूप ले चुका है। नेपाल जो कि बुद्ध की जन्मस्थली है, यहां लुंबिनी में जहां गौतम बुद्ध पैदा हुए थे, इस दिन दुनियाभर से लाखों बौद्ध पर्यटक आते हैं और भव्य जुलूस व प्रार्थनाएं आयोजित की जाती हैं। बौद्ध धर्म का जो पारंपरिक महत्व है, वह तो है ही। आधुनिक संदर्भ में बुद्ध पूर्णिमा विशेष रूप से महत्वपूर्ण तिथि इसलिए भी बनकर उभरी है, क्योंकि आज जबकि पूरी दुनिया में युद्ध, तनाव और पर्यावरण के संकट का माहौल है, उस कारण बुद्ध अब पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गये हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# चिकित्सा पदाधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें : उपायुक्त

कायाकल्प योजना के सभी निर्धारित मापदंडों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए

खराब पड़ी एम्बुलेंसों की अविलंब मरम्मत सुनिश्चित की जाए



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभागीय कार्यों में आ रही कमियों पर विस्तार से चर्चा की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कायाकल्प योजना के सभी निर्धारित मापदंडों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता में समुचित सुधार लाया जा सके।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने राज्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत मानव संसाधनों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति, कार्यक्षमता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले में संचालित सरकारी एम्बुलेंस, 108 एम्बुलेंस और प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत उपलब्ध एम्बुलेंस की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने खराब पड़ी एम्बुलेंसों की अविलंब मरम्मत सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान एएनसी रजिस्ट्रेशन में साहिबगंज सदर की प्रगति असंतोष जनक पाई गई। इस पर उपायुक्त ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को जमीनी स्तर पर कार्य कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त ओजीटीटी , टीबी , संस्थागत प्रसव एवं जन्म के तुरंत बाद दिए जाने वाले टीकाकरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रों के स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित करें तथा आगामी बैठक में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।साथ ही, सभी सीएचसी एवं पीएचसी में वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिका व अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ करने का निर्देश दिया, ताकि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो : उपायुक्त

साहिबगंज: उपायुक्त –सह– जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, साहेबगंज में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित एनइइटी (युजी)–2026 परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा और समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठाक में जानकारी दी गई कि दिनांक 03 मई, 2026 रविवार को अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 628 परीक्षार्थी शामिल होंगे।इस परीक्षा के निमित्त जिला स्तर से 06 स्टैटिक दंडाधिकारी, 03 उड़नदस्ता दंडाधिकारी एवं 01 गश्तीदल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। संपूर्ण कार्य के वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री गौतम कुमार भगत, अपर समाहर्ता, साहिबगंज को प्रतिनियुक्त किया गया है।उपायुक्त ने परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो । उन्होंने सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, पुलिस बल एवं महिला बल की तैनाती करने के निर्देश दिए। बताया गया कि परीक्षा केंद्रों पर विधि–व्यवस्था बनाए रखने हेतु दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू रहेगी। केंद्र के 500 गज की परिधि में अनावश्यक भीड़, सामग्री वितरण एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षार्थियों की अनिवार्य फ्रिस्किंग की जाएगी तथा



महिला अभ्यर्थियों की जांच केवल महिला कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षा दिवस पर जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा जिससे सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जा सके। वरिष्ठ पदाधिकारियों को संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी एवं पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है।उपायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के दिशा–निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कदाचार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी परीक्षार्थी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

## नवोदय में चयनित बच्चों का नामांकन अधर में

**संवाददाता**

**दुमका :** राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने दुमका जिला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय, हंसडीहा में चयनित विद्यार्थियों के नामांकन में हो रही बाधा पर गहरी चिंता व्यक्त की है तथा शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थियों का चयन होने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा नामांकन लेने से इनकार किया जा रहा है। इसका मुख्य कारण वउक्रए पोर्टल में हुई त्रुटियां बताई जा रही हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विभागीय लापरवाही के कारण हुई छोटी-छोटी गलतियों–जैसे किसी छात्र के नाम में एक अक्षर की त्रुटि, किसी के पिता के नाम में गलती या जन्मतिथि में अंतर–का खामियाजा मेधावी विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।



डॉ यादव ने बताया कि कई अभिभावकों ने जानकारी दी है कि कुछ मामलों में पूर्व विद्यालय द्वारा यू - डाईस से नाम नहीं हटाया गया है, जिसे वर्तमान विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं लेने का आधार बनाया जा रहा है। पिछले 10 दिनों से अभिभावक प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक अपनी गुहार लगा रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग अब तक उदासीन बना हुआ है।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित विद्यालय के अभिलेखों में कहीं भी कोई त्रुटि नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि यू - डाईस में डाटा एंट्री करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों की लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है, जिसका खामियाजा निर्दोष बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत कठिन होता है, और चयनित विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित करना उनके भविष्य के साथ अन्याय है। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो इन बच्चों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले का अविलंब संज्ञान लेकर सभी त्रुटियों को तत्काल सुधार किया जाए और चयनित विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए और दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने अन्यथा राजद इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## जनता की समस्याओं का समाधान को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

देवघर : जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त श्री सिंह द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना,



पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया।

जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों का भी पूरा सहयोग परीक्षा केंद्र को मिल रहा है : प्रमोद

**संवाददाता**

साहिबगंज:राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था द्वारा प्रायोजित सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय साहिबगंज में सुचारू रूप से चल रही है।मंगलवार को केंद्रीय



विद्यालय के परीक्षा केंद्र में सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा अंग्रेजी कोड 302 की परीक्षा थी।जो सुचारू रूप से केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट प्रमोद कुमार मिश्रा की देखरेख में कदाचारमुक्त संपन्न हो रही है।केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों का भी पूरा सहयोग परीक्षा केंद्र को मिल रहा है.राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के ओएसडी प्रोकमल कुमार महावर की उपस्थिति परीक्षा केंद्र पर रही है।उन्होंने सुनिश्चित किया कि केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो।राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्था संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक को परीक्षा की रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## ट्रैक्टर से टकराकर मोटरसाइकिल चालक युवक की हुई मौत

साहिबगंज : राजमहल–साहिबगंज निमार्णाधीन फोरलेन सड़क पर राजमहल थाना क्षेत्र के चंडीपुर के समीप मंगलवार की देर संध्या मोटरसाइकिल चालक एक युवक की मोटरसाइकिल की टक्कर एक खड़े ट्रैक्टर से हो गई। दुर्घटना में 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मसकलैया निवासी कृष्णा मंडल का 24 वर्षीय पुत्र सुपौल मंडल मोटरसाइकिल चलाकर किसी काम से घर से निकला हुआ



था। इसी दौरान चंडीपुर के समीप खड़े ट्रेक्टर से मोटर साइकिल की टक्कर हो गई। दुर्घटना में युवक के सिर पर गंभीर चोट लग गई। घटनास्थल पर ही युवक का काफी खून बह गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस में मामले की छानबीन की। युवक के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 12 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है

साहिबगंज:सदर प्रखंड,अंतर्गत पलाश के माध्यम से संचालित हर घर सुरक्षा अभियान के तहत प्रखंड के चारों संकुल संगठनों हाजीपुर सकरीगली हरप्रसाद व किशनप्रसाद में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। उपस्थित सखी मंडल की सभी सदस्यों को इन योजनाओं की प्रीमियम राशि पात्रता मानदंड एवं मिलने वाले लाभों के बारे में सरल और स्पष्ट रूप से बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मात्र ?12



वार्षिक प्रीमियम पर दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है, जिसमें दुर्घटना के कारण मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में ?2 लाख तक की सहायता प्रदान की जाती है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ?436 वार्षिक प्रीमियम पर जीवन बीमा कवर उपलब्ध है,जिसमें लाभार्थी के निधन की स्थिति में ?2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है।इस अवसर पर यह भी बताया गया कि यदि किसी सखी मंडल सदस्य के बैंक खाते में प्रीमियम राशि उपलब्ध नहीं रहती है,तो संबंधित समूह द्वारा उसे ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा ताकि कोई भी सदस्य इन महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित न रह सके।कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन योजनाओं से जुड़ने के प्रति उत्साह दिखाया तथा इसे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।पलाश के प्रतिनिधियों ने बताया कि हर घर सुरक्षा अभियान का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। जबकि कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी संकुल संगठनों सखी मंडल सदस्यों एवं जेएस एलपीएस सदर टीम की सक्रिय भागीदारी रही,जो ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### न्यूज IN ब्रीफ

## आवासीय बालक फुटबॉल एवं एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के चयन के लिए उमड़े खिलाड़ी



**साहिबगंज:**खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय, साहिबगंज द्वारा नव सृजित आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र , बरहेट के 25 खिलाड़ियों एवं पूर्व से संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, साहिबगंज के रिक्त पदों के लिए सिंगा मैदान,बरहेट थाना के समीप प्रातः 6:00 बजे से एन.एस.टी.सी.नॉर्म्स के आधार पर चयन किया गया। जिसमें साहिबगंज , पाकुड़, दुमका, देवघर, गोड्डा समेत अन्य जिलों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन , वजन, ऊंचाई,30 मीटर दौड़, बॉल थ्रो,10 गुणा 6 शटल रन,800 मीटर दौड़, स्किल टेस्ट किया गया। चयन के मौके पर खेल विभाग के वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल 2 प्रशिक्षक योगेश यादव, एन आई एस डिप्लोमा कोच अशोक साहनी, ए एफ सी लेवल सी फुटबॉल कोच अनिल टुडू, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार,बमबम कुमार, नीतीश दास, पोलूस मरांडी, राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी प्रेम हांसदा, संतोष मुर्मू, एमानुएल किस्कू समेत अन्य मौजूद थे।

डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन 29 को डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज के लिए दिनांक 29 अप्रैल 2026 को सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज में प्रातः 6:00 बजे से एन एस टी सी नॉर्म्स के आधार पर चयन किया जाएगा।जिसमें भाग लेने वाली प्रतिभागियों को 05 किलो मीटर दूरी तक के ही होंगे जिनकी उम्र सीमा 08 वर्ष से 12 वर्ष 01 अप्रैल 2018 से 01 अप्रैल 2014 के बीच हो। प्रतिभागियों को आधार कार्ड, नगर निगम अथवा पंचायत सचिव द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, स्कूल का बोनाफाइड लाना एवं झारखंड का निवासी होना अनिवार्य होगा।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा. उपायुक्त



**दुमका :** जिले के जरमुंडी जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर की उपस्थिति में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालयों से संबंधित एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालयों की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई, भोजन, आवासीय व्यवस्था, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नए सत्र के नामांकन की स्थिति की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि नियमानुसार सभी रिक्तियों को समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी कस्तूरबा विद्यालयों में स्पोकेन इंग्लिश की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्राचार्य स्तर से इस पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे छात्राओं के संप्रेषण कौशल में सुधार हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। सभी विद्यालयों द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम की जानकारी उपायुक्त को दी गई। इस पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि जिन कस्तूरबा विद्यालयों में सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं, उन विद्यालयों एवं संबंधित प्राचार्यों को सम्मानित किया जाए।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास निरंतर क्रियाशील रहें तथा किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने स्पोकेन इंग्लिश के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए इसे छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालयों के प्राचार्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## तारापीठ में पंकज मिश्रा ने पत्नी संग की मां तारा की पूजा-अर्चना



**साहिबगंज/तारापीठः** झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ मंदिर में सपरिवार मां तारा के दरबार में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपनी पत्नी एवं परिवारजनों के साथ विधि-विधान से मां तारा की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और संथाल परगना सहित पूरे प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में विशेष पूजा के दौरान पंकज मिश्रा ने श्रद्धा के साथ मां तारा से राज्य में शांति,विकास और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के उपरांत उन्होंने कहा,ह्लमां तारा की कृपा से ही सब संभव है।मैंने संथाल परगना समेत पूरे प्रदेशवासियों के सुख,शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है।हमारी यही कामना है कि हर घर में खुशहाली आए और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे।उन्होंने आगे कहा कि धार्मिक आस्था लोगों को ऊर्जा और सकारात्मकता देती है,जिससे समाज और राज्य के विकास के लिए प्रेरणा मिलती है।पंकज मिश्रा ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी मिलकर एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।तारापीठ में उनकी इस पूजा-अर्चना को लेकर समर्थकों और स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा गया,वहीं उन्होंने मां तारा के दरबार में नतमस्तक होकर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ‘रामायण’ और ‘लव एंड वॉर’ के बाद इन दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे रणबीर कपूर



अपनी आगामी फिल्म ‘रामायण’ में प्रभु राम की भूमिका से रणबीर कपूर ने अपनी नई झलक से इंटरनेट पर धूम मचा दी है। यह फिल्म इसी साल दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस बेसब्री से रणबीर को भगवान राम के रूप में देखने का इंतजार कर रहे हैं। अभी रणबीर ‘रामायण’ और ‘लव एंड वॉर’ फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन दोनों फिल्मों के बाद रणबीर किस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं? इन दोनों रणबीर कपूर ‘रामायण भाग 1’ और ‘लव एंड वॉर’ फिल्मों की शूटिंग कर रहे है, जो लगभग अक्तूबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। शूटिंग खत्म होने से पहले ही रणबीर ने अगली फिल्मों की योजना बनाना शुरू कर दिया है। रणबीर संदीप रेड्डी वांगा कि ‘एनिमल पार्क’ से पहले एक और बड़े प्रोजेक्ट पर करना चाहते हैं, जिसकी शूटिंग 2027 के आखिर में शुरू हो सकती है। एक खबर के अनुसार, रणबीर कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। उनमें दो बड़ी फिल्में सबसे मजबूत दावेदार हैं। पहली- अयान मुखर्जी की ‘ब्रह्मास्त्र 2’ और दूसरी यश राज फिल्म्स की ‘धूम 4’। रणबीर ने दोनों फिल्मों के मूल आइडिया सुन लिए हैं। दोनों की कहानी उन्हें पसंद आई है। लेकिन वे पूरी लिखित स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लेंगे।

## ‘धूम 4’ और ‘ब्रह्मास्त्र 2’ को लेकर रणबीर की तैयारी

‘धूम 4’ शुरुआती स्टेज में है। अभी डायरेक्टर भी फाइनल नहीं हुआ है। ‘ब्रह्मास्त्र 2’ में कास्टिंग की समस्या आ रही है। दीपिका पादुकोण अमृता का रोल करने वाली थीं, लेकिन दोबारा प्रेगनेंसी की वजह से अब दूसरी अभिनेत्री की तलाश की जा रही है। दरअसल, रणबीर ‘रामायण 2’ और ‘एनिमल पार्क’ के बीच के समय में एक बड़ी फिल्म करना चाहते हैं। फिलहाल, ‘ब्रह्मास्त्र 2’ को थोड़ी ज्यादा प्राथमिकता मिल रही है। हो सकता है कि जून 2026 तक रणबीर अंतिम स्क्रिप्ट पढ़कर अपना फैसला ले लेंगे। इस बीच रणबीर फिल्ममेकर्स से मिल रहे हैं और अपने व्यस्त शेड्यूल में समय निकालकर नए आइडिया पर काम कर रहे हैं।‘

# दिलजीत सिर्फ गायक नहीं, मनोरंजन का फुल पैकेज हैं: गीता





**मशहूर** गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ भारत समेत पूरे विश्व में अपनी कला का परचम लहराते रहते हैं। उनकी लोकप्रियता का खुमार लोगों में इस कदर होता है कि कॉन्सर्ट के टिकट मिनटों में बिक जाते हैं और सोशल मीडिया पर उनकी हर अदा पर फैंस जान छिड़कते हैं। अभिनेता के प्रति दीवानगी आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत के बड़े सितारों में भी देखने को मिलती है, जिनमें पंजाबी सिनेमा की अभिनेत्री गीता बसरा का नाम भी शामिल है। गीता बसरा ने पंजाबी आइकन अवॉर्ड्स 2026 के दौरान दिलजीत के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वे दिलजीत उनके ‘ऑल-टाइम फेवरेट’ पसंदीदा पंजाबी कलाकार हैं। अभिनेत्री ने दिलजीत की खूबियों पर बात करते हुए कहा कि वह एक साथ कई प्रतिभाओं के धनी हैं। गीता ने कहा, ‘दिलजीत सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं बल्कि गायक भी हैं। उनकी आवाज में वो जादू है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है। वह एक शानदार सिंगर होने के साथ-साथ कमाल के एंटरटेनर भी हैं। सही मायनों में देखा जाए तो वह मनोरंजन का एक फुल पैकेज हैं। गीता ने कहा कि दिलजीत ने पंजाबी संस्कृति और संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी। वे कहती हैं, ‘जिस तरह से दिलजीत ने ग्लोबल लेवल पर अपना नाम बनाया है, वैसा कारनामा अब तक बहुत कम कलाकार कर पाए हैं। उन्होंने दुनिया के बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन किया है। मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। ‘ दिलजीत दोसांझ का चुलबुला अंदाज और अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। चाहे उनकी फिल्में हों या लाइव परफॉरमेंस, उनकी एनर्जी हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देती है। दिलजीत की बात करें तो वे जल्द ही दर्शकों के लिए फिल्म ‘मैं वापस आऊंगा’ लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 1947 के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अधूरी प्रेम कहानी है। इसमें वेदांग रैना, शरवरी वाघ और नसीरुद्दीन शाह अहम भूमिकाओं में हैं।



## ’बाद में सिर्फ पछतावा होगा’, अपने पिता को याद कर भावुक हुई अंकिता लोखंडे

छोटे पर्दे की लोकप्रिय अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपने पिता को याद करते हुए कहा है कि वह अपनी हर सांस में उन्हें याद करती हैं। अंकिता के पिता शशिकांत लोखंडे का निधन लंबी बीमारी के बाद 2023 में हो गया था। अंकिता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पिता के साथ की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। तस्वीर में अभिनेत्री अपने पिता के साथ हैं। अंकिता ने कैप्शन में लिखा, ‘मैं हर सांस में आपको याद करती हूं। उन्होंने आगे लिखा, ‘जब आपके माता-पिता आपके साथ हों तो उनसे प्यार करें, वरना मेरा यकीन मानिए, बाद में आपको सिर्फ पछतावा होगा। वर्क फ्रंट पर, अंकिता और उनके पति विक्की जैन अभी ‘लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड’ के नए संस्करण में नजर आ रहे हैं, जिसमें अर्जुन बिजलानी, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, निया शर्मा, अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल जैसे कलाकार हैं। अंकिता ने पवित्र रिश्ता में अर्चना मानव देशमुख के रोल से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा था। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी इस शो का हिस्सा थे। यह शो तमिल टेलीविजन सीरीज थिरुमथी सेल्वम का रूपांतरण था। इसके बाद वह झलक दिखला जा 4 और कॉमेडी सर्कस में दिखीं। उन्होंने एक थी नायिका के दो एपिसोड में भी किया।

# सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया



सारा अर्जुन ने ‘धुरंधर’ फ्रेंचाइजी में यालीना की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी हैं। हाल ही में उन्होंने रणवीर सिंह के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। सारा अर्जुन ने बताया कि रणवीर से बेहतर को-स्टार कोई नहीं हो सकता। सारा के मुताबिक, रणवीर सिंह बतौर एक्टर सिर्फ अपनी भूमिका तक नहीं सीमित रहते, बल्कि पूरी फिल्म के बारे में सोचते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक एक्टर के तौर पर वे रणवीर की बहुत बड़ी फैन हैं। सारा अर्जुन ने हाल ही में फेमिना इंडिया के साथ हुई एक बातचीत में कहा, ‘एक को-एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह की बराबरी कोई नहीं कर सकता। वे सच में यह मानते हैं कि यह सिर्फ उनकी फिल्म नहीं, बल्कि सबकी फिल्म है। वे सिर्फ दूसरे एक्टर्स के साथ ही ऐसे नहीं हैं, बल्कि टेक्नीशियंस, स्पॉट बॉयज, क्रू के हर सदस्य और हर एक्टर के साथ उनका रवैया ऐसा ही रहता है। उन्होंने कभी भी अपनी सीनियरिटी को सुपीरियरिटी के तौर पर हावी नहीं होने दिया’। अभिनेत्री ने आगे कहा, ‘इसके अलावा एक एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह, जिस तरह का काम करते हैं, उसे देखकर मैं हैरान रह जाती हूं। वे अपने काम में जिस तरह का डेडिकेशन है, उसकी कोई मिसाल नहीं है। इन्हीं सब वजहों से, एक को-एक्टर के तौर पर उनके साथ काम करने का मेरा अनुभव सबसे बेहतरीन रहा है। वह फिल्म के नतीजों को लेकर उतने ही प्रोटेक्टिव रहते हैं, जितना कोई बच्चा अपनी पसंदीदा चीज को लेकर प्रोटेक्टिव होता है’।

# अशनीर ग्रोवर की बायोपिक का हिस्सा नहीं हैं इमरान खान



आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान जल्द ही फिल्म ‘अधूरे हम अधूरे तुम’ से बतौर लीड एक्टर वापसी करने वाले हैं। लेकिन इस बीच ऐसी खबरें सामने आई थीं कि इमरान बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर की बायोपिक में भी नजर आ सकते हैं। बीते दिनों इस बायोपिक से आमिर खान के भी छुड़ने की खबरें सामने आई थीं। अब इमरान खान ने इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है और खबरों के पीछे की सच्चाई से रूबरू करवाया है।

## इमरान ने अफवाहों को किया खारिज

इमरान खान ने अशनीर ग्रोवर की बायोपिक में काम करने की खबरों को सिरे से खारिज किया। अभिनेता ने कहा कि मैंने इस परियोजना के बारे में सुना तक नहीं है। यह सच नहीं है। इस प्रतिक्रिया के साथ ही इमरान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वहीं इमरान की प्रतिक्रिया के बाद अब प्रोजेक्ट के अस्तित्व को लेकर भी संदेह पैदा हो रहा है।

## आमिर के फिल्म से जुड़ने की थीं खबरें

बीते दिनों ऐसी खबरें सामने आई थीं कि भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर की बायोपिक बन रही है। इस बायोपिक से आमिर खान के जुड़ने की भी खबरें सामने आई थीं। खबरों में ऐसा दावा किया गया था कि आमिर फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। यानि वो अशनीर ग्रोवर की भूमिका में ही नजर आ सकते हैं। साथ ही ये बताया गया था कि फिल्म को राहुल मोदी निर्देशित कर सकते हैं। उनके द्वारा ही फिल्म की कहानी भी लिखी जाने की खबरें सामने आई थीं। लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी। लेकिन अब इमरान खान ने इस प्रोजेक्ट को लेकर साफ तौर पर इनकार कर दिया है। भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर, शार्क टैंक इंडिया में निवेशक के रूप में आने के बाद बेहद लोकप्रिय हो गए।

## इस फिल्म से बतौर लीड एक्टर वापसी करेंगे इमरान

वहीं इमरान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो लंबे समय बाद ‘अधूरे हम अधूरे तुम’ से बतौर लीड एक्टर वापसी करेंगे। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर के प्रमुख भूमिका में नजर आने की संभावना है। इमरान खान आखिरी बार इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई फिल्म ‘हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस’ में नजर आए थे। फिल्म में उनकी भूमिका छोटी थी।

# सच्ची धुन और ईमानदारी से बना संगीत अपनी जगह बनाने में हमेशा सफल रहता है : डब्बू मलिक

संगीतकार डब्बू मलिक इन दिनों अपने रोमांटिक ट्रैक ‘थोड़ी देर ठहर’ को लेकर चर्चा में हैं। बातचीत में उन्होंने आज के समय में बदलते संगीत के महत्व पर विचार साझा किए। डब्बू का मानना है कि संगीत को किसी एक दायरे में नहीं बांधा जा सकता है। संगीत हर इंसान के लिए अलग होता है, जैसे हर किसी का स्वाद अलग है, ठीक वैसे ही हर श्रोता अपनी पसंद के हिसाब से प्लेलिस्ट चुनता है। कुछ लोगों को तेज और शोर-शराबे वाले संगीत पसंद आते हैं, तो कुछ सुकून और सादगी की तलाश में रहते हैं। हमारा गाना ‘थोड़ी देर ठहर’ उन लोगों के लिए है, जो भावनाओं को धुन के जरिए महसूस करना चाहते हैं। डब्बू ने अपने नए गाने की प्रेरणा के बारे में बात करते हुए सादगी पर जोर दिया। डब्बू ने बताया कि इस गाने में कोई कठिन शब्द या बहुत भारी शायरी नहीं है। उन्होंने कहा, ‘यह गाना मुझे इसलिए भी पसंद आया क्योंकि इसमें कोई दिखावा नहीं है। यह दो लोगों के बीच की एक साधारण बातचीत जैसा लगता है। जब हम किसी अपने से बात करते हैं, तो मुश्किल कविता नहीं पढ़ते हैं, बल्कि, दिल से बोलते हैं। डब्बू ने आगे बातचीत में स्पष्ट किया कि वे अपनी मूल (मेलोडी) को नहीं छोड़ सकते, लेकिन आज की युवा पीढ़ी से जुड़ने के लिए वे नई साउंड तकनीक और आधुनिक स्टाइल को जरूर अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘मेरा मानना है कि अगर धुन मधुर हो, तो उसे किसी भी आधुनिक तरीके से पेश किया जा सकता है। आज के रीमिक्स कल्चर पर डब्बू ने सकारात्मक नजरिया पेश करते हुए कहा, ‘पुराने गाने इसलिए दोबारा बनाए जा रहे हैं क्योंकि उनकी मेलोडी बहुत शक्तिशाली थी। यह समय का एक चक्र है। आज जो गाने हिट हो रहे हैं, भविष्य में उनके भी रीमिक्स बनेंगे। ‘ संगीतकार ने कहा, ‘वर्तमान में हर दिन लाखों गाने रिलीज हो रहे हैं, जिससे किसी भी गाने के लिए अपनी अलग पहचान बनाना कठिन हो गया है, लेकिन मुझे विश्वास है कि सच्ची धुन और ईमानदारी से बना संगीत अपनी जगह बनाने में हमेशा सफल रहता है।

# हम टी-20 महिला विश्व कप खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे : नैट सिवर-ब्रंट

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम 2017 महिला वनडे विश्व कप के बाद से खिताब जीतने में नाकाम रही है, लेकिन अब वह इस सूखे को खत्म करने के इरादे से जून में अपने घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 में उतरेगी। टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने साफ किया है कि इस बार लक्ष्य खिताब जीतना ही है। सिवर-ब्रंट ने अप्रैल, 2025 में हीदर नाइट की जगह इंग्लैंड की ऑल-फॉर्मेट कप्तानी संभाली थी। यह टी-20 विश्व कप उनके नेतृत्व में दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूनार्मेंट होगा और घरेलू मैदान पर पहला। सिवर-ब्रंट ने पिछले वर्ष भारत और श्रीलंका में खेले गए 50 ओवर विश्व कप में टीम की कप्तानी की थी, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से हारकर बाहर हो गया था।




नैट सिवर-ब्रंट ने बीबीसी स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, ₹हम निश्चित रूप से जितना खिताब जीतना चाहते थे, उतना नहीं जीत पाए हैं और जाहिर तौर पर हम चाहते हैं कि इस गर्मियों में यह बदले।₹ उन्होंने कहा, ₹एक जीत इस देश में महिला क्रिकेट की तस्वीर बदल सकती है। सिर्फ यही लक्ष्य किसी को भी प्रेरित करने के लिए काफी है। यह हमारी टीम की पहचान को भी बदल सकता है। 2017 के बाद हम ऐसा नहीं कर पाए, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम बनना हर किसी का लक्ष्य होता है।₹

# राजस्थान रॉयल्स का धमाकेदार रनचेज, पंजाब किंग्स की आईपीएल 2026 में पहली हार

एजेंसी

**न्यू चंडीगढ़ :** राजस्थान रॉयल्स ने हाई-स्कोरिंग मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में राजस्थान ने 223 रन का बड़ा लक्ष्य 19.2 ओवर में हासिल कर लिया और पंजाब को इस सीजन की पहली हार थमा दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस ने 62 रन की तेज पारी खेली, जबकि प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन बनाकर मजबूत शुरूआत दी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 30 रन का योगदान दिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत विस्फोटक रही। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन बनाकर पावरप्ले में ही मैच का रुख बदल दिया। उनके साथ यशस्वी जायसवाल ने 27 गेंदों में 51 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। मिडिल ऑर्डर में डोनोवन फरेरा ने नाबाद 52 रन बनाकर जीत की नींव मजबूत की, जबकि शुभम दुबे ने 31 रन बनाकर उनका बेहतरीन साथ निभाया। दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 32 गेंदों में 77 रन की साझेदारी की और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। राजस्थान की ओर से गेंदबाजी में यशराज पुंजा ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर को एक-एक सफलता मिली। इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि पंजाब किंग्स को पहली हार का सामना करना पड़ा।



# मप्र: मुख्यमंत्री आज खरगोन जिले के जलूद में करेंगे 60 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण

- इंदौर नगर निगम ने 271 करोड़ रुपये की लागत से किया संयंत्र स्थापित

**एजेंसी**

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुधवार को खरगोन जिले के प्रवास के दौरान मंडलेश्वर अनुभाग के जलूद में 60 मेगावाट क्षमता का कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पेन्द्र वास्कले ने बताया कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम द्वारा इस अत्याधुनिक संयंत्र को भारत सरकार की सीपीएसयू फेस-2 योजना के अंतर्गत लगभग 271 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है। यह परियोजना न केवल इंदौर को कार्बन न्यूट्रल शहर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### लागत, वित्तपोषण और तकनीक

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, ग्राम समराज व आशुखेड़ी में स्थित इस परियोजना की कर रहित कुल लागत 271.16 करोड़ रुपये है। परियोजना हेतु इंदौर नगर निगम को लगभग 42 करोड़ रुपये की वायबिलटी गैप फंडिंग तथा 244 करोड़ रुपये पब्लिक ग्रीन बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इस परियोजना का निर्माण 210.84 एकड़ भूमि में किया गया है तथा यह अत्याधुनिक डीसीआर तकनीक पर आधारित है।



### स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा

परियोजना से उत्पादित विद्युत का उपयोग जलूद पंपिंग स्टेशन एवं ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों के संचालन में किया जाएगा। संयंत्र का वार्षिक अनुमानित उत्पादन लगभग 9.73 करोड़ यूनिट है। इस संयंत्र की कमीशनिंग 03 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है तथा मार्च माह में ही 66 लाख यूनिट उत्पादन से इंदौर नगर निगम को लगभग ?3.6 करोड़ रुपए की बचत हुई है। परियोजना से मासिक बचत ?3 से 4 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण व कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## देवरिया : सड़क हादसे तीन बारातियों की मौत, दो घायल

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुधवार की भोर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हाजी मार्केट मोड़ के पास उस समय हुआ, जब एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार में सवार सभी लोग बिहार से देवरिया के एक गांव में बारात में आए थे। प्रभारी एसएसआई अरविंद यादव के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने जेसीबी और कटर मशीन की सहायता से कार को काटकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरदेवा भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दो अन्य व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिएमेडिकल कॉलेज देवरिया 108 की मदद से रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गौवंश संरक्षण को जनमानस से अपील, भूसा दान कर गौ संरक्षण में करें सहयोग

**प्रयागराज :** निराश्रित एवं अस्थायी गौ आश्रय स्थलों में पल रहे गौवंश के भरण पोषण के लिए प्रशासन ने जनमानस से सहयोग करने की अपील की है। कहा कि इस पुण्यकार्य में भूसा दान कर सहयोग प्रदान करें। यह अपील बुधवार को प्रयागराज के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ शिवनाथ यादव ने की है। उन्होंने प्रयागराज के गौ सेवा प्रेमियों तथा जनपद के व्यापारियों, बड़े किसान भाइयों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की अभिनव छत्रछाया योजना के तहत प्रदेश में संचालित अस्थायी निराश्रित गौवंश स्थलों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रयागराज जनपद के 121 गौआश्रय स्थलों पर करीब 20 हजार छुट्टा एवं निराश्रित गौवंश संरक्षित हैं। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त गौसेवा प्रेमी, कारोबारियों एवं सामाजिक संगठन यदि अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं पर पहुंचकर प्रति व्यक्ति 100 क्विंटल अथवा 100 गोवंशों के लिए 100 कुंतल भूसा दान करें तो आश्रय स्थलों का संचालन और सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, संस्था या गणमान्य नागरिक भूसा दान करेंगे, उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा और इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वालों का नाम भी प्रचारित किया जाएगा। प्रशासन ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग आगे आकर गौसेवा के इस अभियान से जुड़ें, ताकि जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों पर पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

### लिलुआ में ईवीएम खराबी को लेकर तनाव, केंद्रीय बलों ने किया लाठीचार्ज

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल के बाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लिलुआ इलाके में बुधवार को मतदान के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब डॉन बॉस्को लिलुआ सोहनलाल विद्यालय में स्थित एक मतदान केंद्र पर ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। ईवीएम में गड़बड़ी के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हो गई, जिससे कतार में खड़े मतदाताओं में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई और भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए मतदान प्रक्रिया को फिर से सुचारु रूप से जारी करने की जानकारी दी है।

### सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी की हत्याकर शव को यमुना किनारे झाड़ियां में फेंका, गिरफ्तार

**नोएडा :** नोएडा में थाना जेवर क्षेत्र के रोही गांव में रहने वाले एक सौतेले पिता ने अपनी 17 वर्षीय बेटी की हत्या कर उसके शव को यमुना नदी के किनारे झाड़ियां में फेंक दिया। पिता ने घटना को छिपाने के उद्देश्य से अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी थाना जेवर में दर्ज कराई थी। मामले की जांच में जूटी पुलिस ने मंगलवार की रात को किशोरी का कंकाल यमुना किनारे की झाड़ियों से बरामद कर आरोपित पिता को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि रोही गांव में रहने वाले सुरेंद्र (45) ने तीन शादियां की है।उसकी तीसरी पत्नी का नाम तुलसी है और उसकी पहले पति से एक 17 वर्षीय बेटी थी। उसका नाम रिया था। परिजनों का कहना है कि 20 अप्रैल को सुरेंद्र ने रिया के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को यमुना नदी के किनारे जंगल में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र ने इस मामले को छिपाने की नीयत से थाना में आकर अपनी सौतेली बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रिया ज्यादातर अपने नानी के घर रहती थी। वह कभी-कभी अपने सौतेले पिता के घर रहने आती थी। रिया ने पूर्व में अपने सौतेले पिता पर आरोप लगाया था कि वह उसे गलत नजर से देखता है। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर पुलिस ने जब उसके सौतेले पिता सुरेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने घटना को स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर किशोरी के शव को यमुना नदी के किनारे से बरामद किया है। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार, विकास की लिखी जाएगी नई गाथा : नितिन नवीन



**मीरजापुर :** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार सुबह मां विंध्यवासिनी धाम पहुंचे और विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन प्रधान अर्चक अगस्त्य कुमार द्विवेदी और धीरज मिश्र ने कराया। पूजन के बाद उन्होंने विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के लिए एक विशेष दिन है, क्योंकि यहां के नागरिक आज सेकेंड फेज का मतदान कर रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक मतदान करें। नितिन नवीन ने कहा कि हम पश्चिम बंगाल को सुरक्षित बनाने के लिए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रहे हैं। नितिन नवीन ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने से राज्य में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए काम करेगी और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेगी। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, क्योंकि यह उनके भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है और इसे निभाना उनकी जिम्मेदारी भी है। नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सुधार लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बंगाल का तेजी से विकास करेगी। इस दौरान उनके साथ एमएलसी विनीत सिंह,मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल,जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज,जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार,पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित कई वरिष्ठ नेता व अधिकारी मौजूद रहे। दर्शन-पूजन के बाद वह कार्यकताओं से भेंट कर वाराणसी के लिए रवाना हो गए। उनके दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# भीषण गर्मी में इंसान ही नहीं, बेजुबान भी बेहाल: पानी की टंकी में राहत खोजते दिखे बंदर

**एजेंसी**

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान ने जहां इंसानों को परेशान कर रखा है, वहीं पशु-पक्षी भी इस तपिश से बुरी तरह जूझते नजर आ रहे हैं। गर्म हवाओं और पानी की कमी के बीच हर कोई राहत की तलाश में है–चाहे वह इंसान हो या बेजुबान जीव। इसी कड़ी में हाल ही में एक दिलचस्प और भावुक कर देने वाला दृश्य सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दो बंदर एक घर के भीतर रखी पानी की टंकी में उछल-कूद करते नजर आ रहे हैं। वे बार-बार पानी में गोता लगाकर खुद को ठंडा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी यह हरकत साफ दशार्ती है कि भीषण गर्मी का



असर सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि जानवर भी इससे उतने ही परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे जल संकट भी गहराने लगा है। तालाब और अन्य जलस्रोत सूखने लगे हैं, जिसके कारण जानवर पानी की तलाश में आबादी वाले इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि बंदर जैसे जंगली जीव भी अब घरों के भीतर घुसकर पानी की तलाश कर रहे हैं। यह वीडियो न सिर्फ चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि लोगों को एक अहम संदेश भी दे रहा है। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करना जरूरी है। घरों के बाहर पानी के बर्तन रखना, छांव की व्यवस्था करना जैसे छोटे-छोटे प्रयास कई बेजुबान जीवों की जान बचा सकते हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में यह घटना हमें संवेदनशील बनने और प्रकृति के सभी जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की सीख देती है।

## जाली नोट तस्करी का पदार्फाश, एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने माटीगाड़ा थाने की पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर जाली नोट तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस दौरान सिक्किम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिवाजी गुप्ता के रूप में हुई है, जो सिक्किम के जोरथांग का निवासी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह इन नकली नोटों को सिलीगुड़ी में खपाने के इरादे से आया था और संभावित संपर्कों की तलाश कर रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात हिमाचल बिहार इलाके में एसओजी और माटीगाड़ा थाने की टीम ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 200 रुपये के 250 जाली नोट बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत 50 हजार रुपये बताई गई है। माटीगाड़ा थाना में आरोपित के खिलाफ जाली नोट तस्करी के आरोप में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मप्र: बनारस से शुरू हुई अमृत भारत एक्सप्रेस का आज हरदा में होगा भव्य स्वागत



**एजेंसी**

**हरदा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनारस रेलवे स्टेशन से शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस आज बुधवार को हरदा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में ट्रेन का भव्य स्वागत किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को बनारस रेलवे स्टेशन से अमृत भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया था। इसी के साथ गाड़ी संख्या 22589/22590 बनारस-हड़पसर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू हो गया। शुभारंभ के उपरांत गाड़ी संख्या 02531 उद्घाटन विशेष सेवा आज प्रातः 10:20 बजे हरदा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में स्वागत समारोह आयोजित होगा, जिसमें केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके सम्मिलित होंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से क्षेत्र के यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त तेज, सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। यह सेवा क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## ममता बनर्जी ने भवानीपुर में बूथों का निरीक्षण कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप जड़े

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान आज भवानीपुर में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। यहां से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मैदान में हैं। उन्होंने सुबह कई बूथों का दौरा कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। ममता कालीघाट स्थित अपने आवास से निकलकर चेतला और पद्मपुकुर रोड इलाके में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कई मतदान केंद्रों के बाहर रुककर स्थिति का जायजा लिया और पार्टी कार्यकताओं से बातचीत भी की। बाद में उन्होंने चक्रबेड़िया क्षेत्र के एक बूथ का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में ममता ने मतदान प्रक्रिया के दौरान बाहरी पर्यवेक्षकों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ लोग बाहर से आकर मतदाताओं में भय का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग पर भी पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में



प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले बिना परामर्श के किए जा रहे हैं। ममता ने कहा, कई पर्यवेक्षक राज्य के बाहर से आये हैं। वे बीजेपी के आदेश पर काम कर रहे हैं। कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। हमने कोर्ट की अवमानना का नोटिस भेजा है, फिर भी कई बाहरी पर्यवेक्षकों को यहां लाया गया है।" उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग तृणमूल कांग्रेस को खुलेआम परेशान कर रहा है। न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी पर्यवेक्षक मतदाताओं के बीच भय और दहशत फैला रहे हैं। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के सुबह-सुबह बूथ निरीक्षण करने पर पर तंज कसते हुए कहा कि वे दबाव में आकर सुबह ही मैदान में उतर गई हैं।

## वाटर पार्क में नहाते हुए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा :** नोएडा के सेक्टर-38 ए स्थित वाटर पार्क में नहाते समय मंगलवार शाम को एक युवक की तबियत खराब होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। युवक अपने परिजन के साथ ग्रेटर नोएडा से नोएडा आया था। घटना के बाद सेक्टर-39 थाना पुलिस जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम मनीषा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के निवासी 21 वर्षीय द्रोण शर्मा स्नातक का छात्र था। अपने परिवार के साथ वह सेक्टर-38 ए स्थित वाटर पार्क आया था। द्रोण व परिवार के लोग वाटर पार्क में नहा रहे थे। पूल में नहाते समय द्रोण की तबीयत अचानक खराब हो गई, तब वह पूल से बाहर निकल कर बैठ गया। इसके बाद घर के लोगों ने पूल से बाहर निकलने का कारण पूछा तो बताया कि तबीयत ठीक नहीं लग रही है। इसके बाद तुरंत ही वाटर पार्क के स्टाफ को बताया। स्टाफ व परिवार के लोग एंबुलेंस से द्रोण को लेकर विनायक अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग बिलखकर रोने लगे। उन्हने बताया कि वाटर पार्क में नहाने के दौरान तबीयत बिगड़ी थी।

# मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी, खजुराहो सबसे गर्म, भोपाल ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश का पर्यटन स्थल खजुराहो मंगलवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा, जहां तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी भोपाल में पारा 43.6 डिग्री तक पहुंच गया, जो पिछले 10 वर्षों में दूसरा सबसे गर्म दिन और इस सीजन का अब तक का उच्चतम स्तर है। मौसम में बदलाव का कारण साइक्लोनिक सकुर्लेशन की सक्रियता को माना जा रहा है, जिसके चलते प्रदेश के उत्तरी हिस्सों ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि बुधवार को 15 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, विदिशा, सागर, रायसेन, मंडला और छिंदवाड़ा शामिल हैं।




मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, सतना और रीवा में दिन के समय लू का असर रहेगा, जबकि शाम के बाद मौसम में बदलाव के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना है। इसके अलावा मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, बालाघाट, सिवनी और बैतूल में भी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बिना जरूरी काम के घर से बाहर निकलने से बचने को कहा गया है, क्योंकि इस दौरान लू का प्रभाव सबसे अधिक रहता है। राजधानी भोपाल में भी फिलहाल गर्मी से राहत के आसार कम हैं। बीते मंगलवार को खजुराहो के अलावा कई शहरों में तापमान 44 डिग्री के पार दर्ज किया गया। सीधी में 44.6 डिग्री और श्योपुर में 44 डिग्री तापमान रहा। वहीं रायसेन में 43.8 डिग्री, उमरिया में 43.5 डिग्री, खंडवा में 43.4 डिग्री, मुरैना में 43.3 डिग्री, मंडला में 43.2 डिग्री और रतलाम-दमोह में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। भोपाल में 43.6 डिग्री, इंदौर में 42.2 डिग्री, ग्वालियर और उज्जैन में 41 डिग्री तथा जबलपुर में तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बूम की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान टेक शेयरों में जोरदार गिरावट का रुख बना रहा। इसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के



ओवरऑल कारोबार पर भी निगेटिव असर पड़ा। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,141.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,138.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 223.30 अंक यानी 0.90 प्रतिशत टूट कर 24,663.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49,223.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के कारोबार के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 10,332.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,104.09 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,018.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ प्रमुख बाजार में से छह के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि तीन सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 619.90 अंक यानी 1.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,917.46 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.56 प्रतिशत लुढ़क कर 4,860.10 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 156.23 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूट कर 39,365.50 अंक के स्तर पर आ गया है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,160.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,656.38 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज जोरदार उछाल नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 270.22 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की छलांग लगा कर 25,950 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,486.44 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.40 प्रतिशत उछल कर 4,094.80 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,082.67 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# बंदगांव प्रखंड के 13 पंचायतों में गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन

## अबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को मिले अपने आशियाने

**संवाददाता**

**बंदगांव** : जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार आज बंदगांव प्रखंड के अंतर्गत सभी 13 पंचायतों में अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित मकानों के लिए ह्यगृह प्रवेशह्न कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चाईबासा नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सन्तोषनी मुर्मू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी लिली एलोना लकड़ा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी भीखम कुमार,जीप सदस्य बसंती पूर्ति,विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई थे।कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लाभुकों के साथ खुशियाँ साझा कीं। विशेष रूप से कराईकेला पंचायत के गोपालपुर में कुरदेली देवी,लान्डुपोदा पंचायत के राजविजयपुर में मीना देवी, हुडंगदा पंचायत के सुबानसाई में जानकी देवी के नवनिर्मित आवासों का विधिवत उद्घाटन किया।गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी भीखम कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार अब



प्रत्येक माह की 28 तारीख को प्रखंड एवं अंचल स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आवास निर्माण कार्यों में गति लाना और योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुँचाना है। चाईबासा नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सन्तोषनी मुर्मू ने कहा कि पक्का मकान मिलना गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा सपना होता है, जिसे सरकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है। वहीं, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी लिली एलोना लकड़ा ने लाभुकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मिथुन गागराई ने कहा कि जिन लोगो को आवास पूरा करने में कोई दिक्कत है तो जानकारी दें उन्हें मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा जिनको भी आवास मिला है वे यथाशीघ्र घर बनाएं। इस मौके पर कराईकेला मुखिया गीता बानरा, लान्डुपोदा मुखिया कुश पूर्ति, हुडंगदा पंचायत मुखिया लक्ष्मी गागराई, पंचायत सेवक हरषिकेश नायक, प्रकाश कुमार सहित अन्य प्रखंड कर्मी एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पत्रकार हमले मामले में माफी मांगे इरफान अंसारी : सुनील

**संवाददाता**

**रांची :** पत्रकार सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मीडिया द्वारा कथित सवाल पूछे जाने पर पत्रकारों के साथ मंत्री के समर्थकों द्वारा मारपीट की घटना को कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए, कहा कि यह हमला पूरे मीडिया जगत को शर्मसार करने वाली है। यह हमला सिर्फ एक पत्रकार पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचलने की घोर साजिश है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यदि पत्रकार हीं सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो आम जनता की आवाज कौन उठाएगा।? उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि अगर मंत्री के सामने सवाल पूछने पर पत्रकारों की को पीटा जाएगा, तो साफ संकेत है कि सत्ता सवालों से डरती है। कहा कि इस तरह की घटनाएं किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती।।? इस मामले से पूरे मीडिया जगत में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने आक्रोश भरे लहजे में कहा कि आज पत्रकारों पर हमला हुआ है, कल सरेआम जनता पर भी हमले की



जा सकती है।।? इसलिए उनकी (स्वास्थ्य मंत्री) नैतिक जिम्मेदारी बनती है, कि वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगे, साथ हीं घायल पत्रकारों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें, तथा हमले में दोषियों को तत्काल गिरफ्तारी की जाए। अन्यथा समस्त मीडिया बंधु कैसे नेता मंत्री के पीछे भागना और कवरेज करना बिल्कुल बंद करेगी। इसके लिए उन्होंने समस्त मीडिया बंधुओ से आग्रह करते हुए आह्वान किया कि, ऐसे नेता मंत्री के पीछे भागना और कवरेज करना बिल्कुल बंद करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि दोषियों की अभिलंब गिरफ्तारी नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि यह हमला सत्ता के सारे पर हुआ है, सरकार क चुप्पी इस पूरे मामले में उसकी संलिप्तता को और मजबूत करती है। कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि हेमंत सोरेन की सरकार में ऐसी घटनाएं आम हो गई है, जहां जवाबदेही से बचने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है। जहां मुख्यमंत्री/ मंत्री तथा सत्ता पक्ष के आला अधिकारी लोकतंत्र के मयार्दाओं का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कह कि यदि मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं,और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो समस्त मीडिया जगत ऐसे मंत्री को बॉयकॉट करेगी तथा पुरजोर तरीके से आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगी।

# पत्रकार से मारपीट मामले में दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : गुलाम शाहिद

**संवाददाता**

**रांची :** हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से सवाल पूछने पर एक पत्रकार के साथ कथित रूप से उनके समर्थकों द्वारा की गई मारपीट की घटना की व्यापक निंदा की जा रही है। पत्रकार गुलाम शाहिद ने इस घटना को बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला करार दिया है। गुलाम शाहिद ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों को निर्भीक होकर सवाल पूछने का पूरा अधिकार है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएँ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शामिल सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ अविलंब कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा



कि यदि ऐसे मामलों में सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में असामाजिक तत्व कानून को अपने हाथ में लेने से नहीं हिचकेंगे, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी।

स्थानीय पत्रकार संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## रेल संपत्ति चोरी में तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने रेलवे संपत्ति चोरी मामले में मंगलवार को तीन लोगों को पकड़कर जेल भेजा है। सूचना के अनुसार, यार्ड गश्त के दौरान जवानों ने कुछ युवको को लाइन से सामान लेकर जाते थे। इससे जवानों ने घेराबंदी कर तीन आरोपी को पकड़ लिया। इनके पास से रेलवे का सामान भी बरामद होने की सूचना है। इससे पोस्ट में रेलवे एक्ट के तहत चोरी का केस दर्ज हुआ है।

## जिला स्कूल में 11वीं में नामांकन को हुई प्रवेश परीक्षा

धनबाद : जिले के तीनों सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए मंगलवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिला स्कूल बाबूडीह स्थित केंद्र पर विज्ञान संकाय में 102, वाणिज्य में 35 तथा कला संकाय में 25 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान एडीपीओ आशीष कुमार, फील्ड मैनेजर ऋषि राज समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिले में संचालित सीएम एसओई जिला स्कूल बाबूडीह, एसएसएलएनटी प्लस टू पुराना बाजार और केजीबीवी निरसा में तीनों संकायों में 80-80 सीटें निर्धारित हैं। इन सीटों पर सीएम एसओई से दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नामांकन किया जाएगा। सभी विद्यालय सीबीएसई पैटर्न पर संचालित हो रहे हैं।

# मालवाहक ऑटो के इंजन में घुस गया था कोबरा, पेट्रोल पंप में मचा हड़कंप

**संवाददाता**

**पाकुड़ :** डीजल लेने पहुंचे एक मालवाहक ऑटो रिक्शा में कोबरा पाए जाने से पेट्रोल पंप पर बुधवार की सुबह हड़कंप मच गया। पेट्रोल पंप के कर्मचारी एवं पेट्रोल डीजल लेने पहुंचे लोग इधर उधर भागने लगे। हो हल्ला सुनकर पेट्रोल पंप संचालक दीपक कुमार पहुंचे और लोगों को शांत कराया और इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी वहां पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा का रेस्क्यू किया।

पेट्रोल पंप पर साढ़े चार फीट लंबा कोबरा

वनकर्मी असराफुल शेख ने बताया कि गड़बाड़ी गांव के निकट स्थित एक पेट्रोल पंप संचालक द्वारा यह सूचना दी गयी कि डीजल लेने आये एक मालवाहक ऑटो रिक्शा में विशालकाय सांप देखा गया है और लोग भयभीत हैं। सूचना के आधार पर पेट्रोल पंप पहुंचे तो



देखा कि ऑटो के इंजन के निकट एक विशालकाय स्पेक्ट्रेल कोबरा छुपा हुआ था। सांप को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया और उसे सुरक्षित घने जंगल में छोड़ दिया गया। वनकर्मी असराफुल ने बताया कि कोबरा करीब साढ़े चार फीट लंबा है और उसकी आयू लगभग 12 साल है।

कोबरा देखकर लोगो में हड़कंप

उन्होंने बताया कि कागजपुर गांव में एक जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी की खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी क्रम में जेसीबी चालक मशीन में डीजल भरवाने के लिए पंप पहुंचा। पंप के कर्मचारी ने डीजल डालने के लिए जैसे ही डीजल की नोजल टंकी में डाली तो तुरंत कोबरा ने काटने का प्रयास किया, मगर कर्मी किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग गया। इसे देखकर पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मियों एवं अन्य लोगो में हड़कंप मच गया।

# जामताड़ा में भोजपुरी गायिका देवी ने बिखेरा सुरों का जादू

**संवाददाता**

**जामताड़ा :** भोजपुरी जगत की मशहूर गायिका देवी के भक्ति जागरण कार्यक्रम में श्रद्धालु जमकर झूमे। देवी के भजन गीत सुनने और उनको देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। उन्होंने भी अपने भक्ति भजन और गीत से लोगों को खूब झुमाया।

जामताड़ा के मटटार गांव में चल रहे नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ में आयोजित भक्ति जागरण में भोजपुरी गायिका देवी ने अपने भजन से लोगों को खूब झुमाया। भक्ति जागरण कार्यक्रम में मशहूर भोजपुरी गायिका देवी को देखने और उनके गीतों को सुनने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ था। भोजपुरी सिंगर देवी ने अपने भजनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### भव्य मेला एवं भक्ति जागरण का आयोजन

कमाटांड़ थाना क्षेत्र के मटटार गांव में पार्वती मंदिर में मां देवी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर शिव शक्ति महायज्ञ का अनुष्ठान किया गया। जहां अयोध्या से आए कथा वाचक द्वारा भव्य राम कथा का प्रवचन चला। वहीं, भजन कीर्तन, भव्य मेला एवं भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया।

### देवी ने अपने भजन और गानों से मनोरंजन किया

जागरण कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने अपना भजन प्रस्तुत किए। बीते रात आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में भोजपुरी की मशहूर सिंगर देवी ने भी भक्ति जागरण प्रोग्राम में हिस्सा लिया और अपने भजनों और गानों से भक्तों का मनोरंजन किया। इस मेले और अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंच रहे हैं।

# रांची को मिलेगी भीड़भाड़ व जाम से मुक्ति, 2 फ्लाईओवर बनाने को मिली मंजूरी

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें एक साथ कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक के दौरान रांची में दो फ्लाईओवर बनाने और पलामू के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में एक इनोवेशन (नवाचार) और इनक्यूबेशन सेंटर फाउंडेशन स्थापित करने को मंजूरी दी गई, साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के लिए विभिन्न मामलों के मानक बनाने के लिए भी एक प्राधिकरण बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। इस बैठक के दौरान उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजे जाने वाले आरक्षित वर्गों के बच्चों की संख्या को भी 25 से बढ़ाकर 50 कर दिया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) वंदना दादेल ने पत्रकारों को बताया कि कैबिनेट की बैठक के दौरान राजधानी में जिन दो फ्लाईओवर को बनाने की मंजूरी दी गई, उनमें से पहला फ्लाईओवर अरगोड़ा चौक पर बनाया जाएगा, जो हरमू को डिबडीह पुल से जोड़ेगा, जबकि दूसरा फ्लाईओवर करमटोली को साइंस सिटी से जोड़ेगा।

कुल 820 करोड़ की लागत से बनेंगे दोनो फ्लाईओवर

अधिकारी ने आगे कहा कि, 'अरगोड़ा चौक पर बनने वाला फ्लाईओवर 3।804 किलोमीटर लंबा होगा और इस प्रोजेक्ट पर लगभग 469।61 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जबकि करमटोली से साइंस सिटी के बीच बनने वाला दूसरा फ्लाईओवर 3।216 किलोमीटर लंबा होगा और उस पर लगभग 351।14 करोड़ रुपए खर्च होंगे।'

पलामू इंजीनियरिंग कॉलेज में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कैबिनेट की इस बैठक के दौरान पलामू के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में पलामू इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेंटर फाउंडेशन स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई। इस बारे में वंदना दादेल ने बताया कि



इस फाउंडेशन के तहत चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे। जिनमें सिविल निर्माण और नगर नियोजन, सस्टेनबल और रिन्यूवेबल टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स (जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग शामिल हैं), और रोबोटिक्स व ऑटोमेशन शामिल हैं। स्कूलों के लिए स्टैंडर्ड्स तय करने वाली संस्था को भी मंजूरी

बैठक में कैबिनेट ने राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण ( स्थापित करने को भी मंजूरी दी, जिसका प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत रखा गया था। ररअ एक ऐसी संस्था होगी जो झारखंड एकेडमिक काउंसिल के तहत आने वाले स्कूलों के लिए सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, कर्मचारियों, प्रशासन और अन्य मामलों से जुड़े मानक तय करेगा।

उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजे जाएंगे 50 बच्चे

सरकार ने 'मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम' ( विदेश छात्रवृत्ति योजना) के तहत हर साल लाभ पाने वाले छात्रों की संख्या को भी 25 से बढ़ाकर 50 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए हर साल 20 अनुसूचित जनजाति, 10 अनुसूचित जाति, 14 डइउ और 6 अल्पसंख्यक छात्रों को विदेश भेजा जाएगा।

गूगल के साथ समझौता करेगा स्वास्थ्य विभाग

राज्य में अक इनोवेशन और इसके इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के बीच एक हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, कैबिनेट ने 'झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियम-2026' को भी पूर्वव्यापी मंजूरी दे दी।

न्यूज IN ब्रीफ

## शहजोड़ा गांव में भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन



**चक्रधरपुर :** शहजोड़ा गांव में आयोजित 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन में मंगलवार को क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचे राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी ने पूजा-अर्चना की और कहा कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा के लिए धार्मिक आयोजन आवश्यक हैं।

पवन शंकर पाण्डेय (पूर्व जिला उपाध्यक्ष, भाजपा): ₹आज के अशांत माहौल में हरिनाम संकीर्तन ही वह माध्यम है जो समाज को जोड़ने और लोगों के मन में सात्विक विचार पैदा करने का कार्य करता है। शहजोड़ा ग्रामीणों का यह प्रयास सराहनीय है।

राजू प्रसाद कसेरा (वार्ड पार्षद): ₹भक्ति और कीर्तन से न केवल व्यक्ति का कल्याण होता है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सौहार्द का वातावरण बनता है। इस आयोजन में जिस तरह से आपसी सहयोग दिख रहा है, वह समाज के लिए एक मिसाल है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशीष कुमार वर्मा, कन्हाई सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**पलामू :** जिले के पाटन थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब तीनों युवक बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए चैनपुर जा रहे थे।

क्या है पूरी घटना?

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अंगरा गांव निवासी लक्ष्मण उरांव के 24 वर्षीय पुत्र विकास उरांव के रूप में हुई है। मंगलवार की रात विकास अपने दो दोस्तों पंचनाथ उरांव और गुवेश उरांव के साथ बाइक पर सवार होकर चैनपुर एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे।

इसी दौरान, किशनपुर स्थित नवादा मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में हुई पुष्टि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने फौरन मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद विकास उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायलों, पंचनाथ उरांव और गुवेश उरांव को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (टटउळ) रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल इस घटना के बाद विकास के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खुशियों के बीच आई इस आकस्मिक मौत ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## पत्रकार की पिटाई की घटना निंदनीय : झारखण्ड क्रांति मंच



**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर हजारीबाग में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के समर्थकों द्वारा चतरा एयर एम्बुलेंस हादसे में मृतकों के मुआवजे से सम्बंधित प्रश्न पूछने पर बर्बर पिटाई की कड़ी निन्दा करते हुए कहा है कि यह फ्रिडम ऑफ दी प्रेस की लोकतान्त्रिक अवधारणा पर खुला हमला है,जो निंदनीय है। बयान में उन्होंने कहा है कि हमेशा बड़बोलापन व पी०डी०एस० में राशन कटौती समेत भ्रष्टाचार व साम्प्रदायिक सोच का समर्थन करनेवाले ऐसे बदमिजाज मंत्री डा०इरफान को हेमन्त कैबिनेट में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।इनके मंत्रित्वकाल में पलामू समेत सभी जिलों में स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति सेवाओं में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। निश्चित रूप से ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दूसरे विधायक को मंत्री बनाना चाहिए।

## गिरिडीह पहुंचीं विधायक कल्पना सोरेन, बीमार बच्चों से की मुलाकात

**गिरिडीह:** गोलगप्पा खाने से एक बच्चे की मौत और करीब 48 लोगों के बीमार होने पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंची। यहां सदर अस्पताल में भर्ती बच्चों एवं उनके अभिभावकों से उन्होंने मुलाकात की। जिस बच्चे की मौत फूड प्वाइजनिंग की वजह से हुई थी, उसके परिजनों से भी विधायक कल्पना सोरेन ने मुलाकात की।

विधायक कल्पना सोरेन ने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ। बीपी सिंह से भी मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सिविल सर्जन को कल्पना सोरेन ने कई तरह के निर्देश भी दिए। अस्पताल में मौजूद बीमार बच्चों के अभिभावकों एवं ग्रामीणों से बात करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही मैंने जिला अधिकारी से बात की थी और कहा था कि किसी के भी इलाज में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

बता दें कि शनिवार को ओभीलाल रजक गोलगप्पा और चाट का ठेला लेकर सदर प्रखंड के सलैयापहरी, बेरदोंगा, ललकीटांड, कुम्हरगढ़िया, बजटो गया समेत दूसरे गांवों में गया था। यहां उसने 500 से अधिक गोलगप्पे के साथ चाट बेची थी। बजटो और कुम्हरगढ़िया गांव में गोलगप्पे खाने वालों की तबियत दूसरे दिन से बिगड़ने लगी। शाम होते-होते 18 से 20 लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि इनमें से रंजन की मौत हो चुकी है।

घटना की जानकारी पर डीसी रामनिवास यादव, एसडीएम श्रीकांत विस्पुते, सिविल सर्जन डॉ। बीपी सिंह, एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, बीडीओ गणेश रजक के साथ मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो भी अस्पताल पहुंचे। यहां के बाद डीसी अपने साथ एसडीएम और एसडीपीओ को लेकर सीधे गांव गए। उन्होंने इश दौरान गांव में एक-एक मरीज से बात की। यहां उन्हें पता चला कि बीमार 42 लोग हुए थे। सभी को अस्पताल लाया गया। रात में ही मृतक बालक का पोस्टमार्टम करवाया गया और दूसरे दिन खैरोना गांव से भी 7 मरीज को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

हालांकि अभी तक 20 लोगों को छोड़कर सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वही इस मामले में कांड दर्ज कर आरोपी गोलगप्पा विक्रेता को जेल भेज दिया गया है।